राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-224
लखनऊ, बुधवार 03 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने का है यह चुनाव : भूपेन्द्र चौधरी 03

सीएम की कुर्सी के लिए उद्धव ने हिंदू विरोधियों से मिलाया हाथ : दिनेश शर्मा 12

### पीएम मोदी ने रूद्रपुर के ऐतिहासिक मोदी मैदान से चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

# तीसरे कार्यकाल में हर भ्रष्ट पर होगी कार्रवाई



समृद्धि न्यूज

रूद्रपुर/नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भ्रष्टाचारियों को साफ-साफ संदेश दिया और कहा कि तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार किया जायेगा। श्री मोदी ने रूद्रपुर के ऐतिहासिक मोदी मैदान से चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी है कि हर भ्रष्ट पर कार्रवाई होगी। हम गरीबों और मध्यम वर्ग का हक किसी को भी छीनने नहीं देंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा और उसे सजा होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल में उनके कार्यकाल में जो हुआ है वह तो सिर्फ 'टेलर' है। तीसरे टर्म में उनकी

### हम गरीबों और मध्यम वर्ग का हक किसी को भी नहीं देंगे छीनने

सरकार बड़े फैसले लेगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अभी तो बहुत कुछ करना है। बड़े फैसले लेने बाकी हैं और बिना रूके एवं थके देश को बहुत आगे ले जाना है। उन्होंने प्रदेश की जनता को याद दिलाया कि इसी कांग्रेस ने उत्तराखंड के सपूत और तीनों सेनाओं के प्रमुख विपिन रावत का भी अपमान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है और इसीलिये वह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे कानून का विरोध कर रही है। लोगों को भड़का रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा किया है और उसके राज में देश की सीमायें सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के राज में ही गुरूनानक देव जी की पवित्र धरती हमसे छिन गयी। उनकी सरकार ने अब करतार कोरिडोर बनाकर लोगों को सहूलियत दी है। उन्होंने तमिलनाडु के कच्चातिवु द्वीप मामले को लेकर भी कांग्रेस पर राजनीतिक हमला बोला और कहा कि कांग्रेस सरकार ने उसे श्रीलंका को सौंप दिया था। अब हमारे लोग उधर झांक भी नहीं सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर सीमावर्ती गांवों की बदहाली का भी आरोप लगाया और कहा कि अब उनकी सरकार सीमावर्ती गांवों को प्रथम गांव मानकर विकास कर रही है। श्री मोदी ने उत्तराखंड को लेकर भी अपनी प्राथमिकता दोहराई और कहा कि उत्तराखंड को विकसित बनाना है और उसे आगे ले जाना है।

### भाजपा का मतलब है विकास, समाधान

जयपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश की सियासत दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस है। आज एक तरफ देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। एक तरफ दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर विदेश में जाकर भारत को कोसने वाली कांग्रेस है। ऐसी देश विरोधी परिवारवादी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा ढाल बनकर खड़ा रहा है। भाजपा का मतलब है विकास, समाधान, कांग्रेस का मतलब है देश की हर बीमारी की जड़। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को राजस्थान के कोटपुतली में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन वो देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे 10 साल से कांग्रेस की लगाई हुई आग को बुझा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र से सटी सीकर और अलवर लोकसभा क्षेत्रों को भी साधा। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। मोदी ने कहा कि राजस्थान ने 2014 में भाजपा को 25 की 25 सीटें दी थीं। 2019 में भी एनडीए को सारी सीटें दी थीं। अब 2024 में भी राजस्थान 25 की 25 सीटें देने का फैसला कर चुका है।

### विपक्ष पर कटाक्ष : भ्रष्टाचार का जमावड़ा है इंडिया गठबंधन

पीएम ने इंडिया समूह और कांग्रेस पर भी जोरदार प्रहार किये और गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की मानसिकता वाली कांग्रेस दस साल सत्ता से बाहर रह कर बौखला गयी है और देश को अस्थिरता की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे (श्री राहुल गांधी)' लोगों को भड़काने में जुटे हैं कि यदि तीसरी बार मोदी सरकार आ गयी तो देश में आग लग जायेगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की भाषा नहीं हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का तुष्टिकरण का इतिहास रहा है। कर्नाटक के जिस नेता ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही पार्टी ने उसे सजा देने के बजाय चुनाव में टिकट दे दिया। साफ है कि कांग्रेस का देश को तोड़ने का इतिहास रहा है।

### पीएम ने परिवारवाद की राजनीति को खत्म किया : जेपी नड्डा



जबलपुर। जबलपुर प्रवास पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्य के कारण आज विश्व में देश का नाम रोशन हुआ है। देश में जातिवाद खत्म हुआ है और विकासवाद बढ़ा है। हम डिवाइड नहीं डवलपमेंट की राजनीति करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में परिवारवाद की राजनीति को खत्म किया है। हमारी राजनीति सबको साथ लेकर चलने की है सबका साथ सबका विकास। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करेंगे जड़ मूल से उसको खत्म कर देंगे परंतु यह आईएनडीआई अलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने वालों का जमावड़ा बन चुका है।

## यह चुनाव स्वार्थी परिवार व मोदी परिवार के बीच : योगी



### मुख्यमंत्री योगी ने बदायूं क्लब में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को किया संबोधित, सपा पर बोला हमला

समृद्धि न्यूज

बदायूं। जिले के बदायूं क्लब में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचे योगी आदित्यनाथ का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आप सबका समर्थन व आर्शवाद प्रत्याशियों को प्राप्त हो, इसलिए आज बदायूं आया हूँ। लोकसभा चुनाव में बदायूं में तीसरे चरण के मतदान में आपके लिए एक अवसर है कि भाजपा के प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य व धर्मेंद्र कश्यप के पक्ष में लोगों को जागरूक करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दुर्विजय शाक्य का टिकट फाइनल होने के बाद सपा के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग गए हैं दूसरे भागने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब जानते हैं इस बारे में कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। मोदी ने देश को एक संकल्प के साथ अमृतकाल में जोड़ा है। मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बन सके। इसीलिए हम आए हैं कि नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तीन साल में प्रधानमंत्री मोदी भारत को दुनिया की तीसरी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने जा रहे हैं। विकसित भारत की यही आधारशिला होगी।

### भाजपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में किया प्रचार

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत और बदायूं में जनसभा को संबोधित करने के बाद बरेली पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित करते कहा कि बरेली का तेजी से विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास किया है। पिछले सात साल में यूपी का विकास किया है। अब यूपी में बेहतर कानून व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। इसलिए विकसित भारत के लिए पीएम मोदी जरूरी हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने भ्रष्टाचार को बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि, ''वर्ष 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था।

उत्तर प्रदेश विकसित होगा तो बदायूं भी विकसित होगा। आपने मोदी के 10 साल के कार्यकाल को देखा, सात साल के प्रधानमंत्री मोदी के मागदर्शन में बदलते हुए उत्तर प्रदेश को देखा है। साल 2014 से पहले दुनिया में भारत का सम्मान नहीं था। देश की सीमाएं असुरक्षित नहीं थीं। आज आप देख सकते हैं कि हर गरीब को आवास योजना, बिजली के फ्री कनेक्शन, राशन मिल रहा है। हर उस जरूरत को पूरा किया जा रहा है। इंफाट्रक्चर पर काम हुआ है। कंपोस्ट बायोगैस का प्लांट का उद्घाटन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने पुंछ में आतंकी ठिकाने का किया भंडाफोड़

पुंछ। कुछ संदिग्ध लोगों की आवाजाही के संबंध में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान समूह (एसओजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स द्वारा मेंढर उपजिला के तवी और ऊपरी गुरसाई के वन क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने एक गुफा में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और कुछ कपड़े और खाने का सामान बरामद किया गया। हालांकि, कोई हथियार और गोला-बारूद नहीं मिला। जिले में तलाशी अभियान आज भी जारी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटना में जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास त्रेवा गांव के स्थानीय लोगों ने सोमवार देर रात एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की आवाजाही की सूचना दी।

### तिहाड़ में केजरीवाल के पड़ोसी बने आतंकी, डॉन

नयी दिल्ली। तिहाड़ की जेल नंबर 2 की एक कोठरी में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पड़ोसियों में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन, कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना और आतंकवादी जियाउर रहमान हैं। अब खत्म हो चुकी शराब नीति मामले में आप संयोजक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद केजरीवाल अगले दो सप्ताह तक तिहाड़ जेल में रहेंगे। छोटा राजन दाऊद इब्राहिम का कट्टर प्रतिद्वंद्वी बनने से पहले कभी उसका करीबी सहयोगी था। नीरज बवाना एक कुख्यात गैंगस्टर है जिसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के 40 से अधिक मामले दर्ज हैं। जियाउर रहमान एक कथित इंडियन मुजाहिदीन ऑपरेटिव है।

### झूठ और आप का चोली दामन का साथ : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में शराब घोटाले में फंसे आम आदमी पार्टी के नेताओं के बचाव में आप पार्टी के बयानों को हास्यास्पद बताते हुए इनके कृत्यों को दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात बताया है। अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के एक के बाद एक नेता जेल गए। कोई 6 महीने से जेल में है तो कोई डेढ़ वर्षो से जेल में है। इससे पता चलता है कि उन्होंने जनता के साथ कितना बड़ा विश्वासघात किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ चिन्ताजनक है। ऐसा कोई सगा नहीं, जिनको आम आदमी पार्टी ने ठगा नहीं।

## मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर, इंसास सहित एलएमजी, एके 47 बरामद

एजेंसी


बीजापुर। जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेंड्रा के जंगल में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में शामिल संयुक्त बल के जवानों ने मुठभेड़ में नक्सलियों के घायल होने का भी दावा किया है।

नक्सलियों के शव के साथ इंसास, एलएमजी, एके 47 जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी और मंगलवार सुबह सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान कोरचोली-लेंड्रा के जंगलों में पहुंचे। इसी दौरान गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ खत्म होने के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान नौ नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही इंसास, एलएमजी, एके 47 जैसे ऑटोमेटिक हथियार एवं बड़ी मात्रा में गोला बारूद सहित नक्सल सामग्री मौके से बरामद हुई है।

## आप सांसद संजय सिंह को मिली जमानत

▸ आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद थे आप के विधायक

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने श्री सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की। श्री सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर (उच्च न्यायालय के उस आदेश को) शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा।

वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। न्यायालय ने हालांकि श्री सिंह को सावधान करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका या दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी किसी भी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पक्ष रखने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी एस राजू ने अपना (केंद्रीय जांच एजेंसी का) रुख नरम करते हुए कहा कि आप नेता श्री सिंह को जमानत दी जाती है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, बयान (ईडी के) के मद्देनजर हम वर्तमान अपील (जमानत याचिका) को स्वीकार करते हैं और निर्देश देते हैं कि संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर मुकदमे के लंबित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किया जाए। पीठ ने आप नेता की अपील स्वीकार करते हुए यह भी कहा, छह महीने से वह (संजय सिंह) हिरासत में है।

### प्राचीन मूर्ति स्वयंभू लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ वाद में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

वाराणसी। ज्ञानवापी से जुड़े वर्ष 1991 के प्राचीन मूर्ति स्वयंभू लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ वाद में मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रशांत सिंह की अदालत में सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। इस मामले में नए पक्षकार के शामिल करने या फिर न करने को लेकर तथ्य रखा गया। इसके बाद कोर्ट ने पक्षकार बनने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर विचारण कर आदेश सुरक्षित कर लिया। अब इस मामले में 06 अप्रैल को न्यायालय का निर्णय आएगा।

## थाने की जमीन पर बनाई मजार पूर्व विधायक का भाई गिरफ्तार

▸ सादुल्लाहनगर थाने की जमीन को कब्जा करने का मामला

समृद्धि न्यूज

बलरामपुर। थाने की जमीन कब्जाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज हो गई है। बलरामपुर के सादुल्लाहनगर थाने की जमीन को कब्जा करने के मामले पुलिस पूर्व विधायक भू- माफिया आरिफ अनवर हाशमी के भाई मारूफ अनवर हाशमी को गिरफ्तार किया गया है।

पूर्व विधायक ने मारूफ को ही थाना परिसर में मजार बनाकर मुतवल्ली बनाया था। पुलिस की गिरफ्त से पूर्व विधायक अभी बचा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने अभियान तेज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजनंदन सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक की तलाश तेज कर दी गई है। सादुल्लह नगर थाने की जमीन में मजार बनाने का मामला उजागर होने पर स्थानीय लेखपाल ने सोमवार को पूर्व विधायक के साथ ही उनके भाई, परिजनों व समिति के सदस्यों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था।

### चित्रकूट सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गयी है। मृतकों की शिनाख्त कर पुलिस शवों का पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई है। वाहनों की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हुई थी और तीन लोग गंभीर रूप से घायल थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान चित्रकूट के नारायणपुर निवासी निर्भय (20) की भी मौत हो गई। निर्भय के अलावा मरने वालों में कन्नौज के निवासी अनिरुद्ध (30), अखिलेश (28), अतर सिंह और हमीरपुर की निधि सोनी (19) एवं धर्मेंद्र हैं।

## स्कूल बस पलटी, चार बच्चों समेत पांच की मौत

समृद्धि न्यूज



बाराबंकी। उत्तरप्रदेश के बाराबंकी से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां सड़क दुर्घटना हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बाराबंकी के देवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर में एक तेज रफ्तार स्कूली बस पलट गयी है। इस घटना में चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गयी है। वहीं हादसे में करीब 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के चलते हादसा हुआ है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण और पिकनिक मनाने लखनऊ गए थे। लखनऊ चिड़ियाघर से वापस आते समय यह बड़ा हादसा हुआ है। घटना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गयी है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मौके पर राहत-बचाव कार्य शुरू कराया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम में विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के बच्चों को लेकर जा रही एक बस देवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना में 4 बच्चों की मौत हो गयी है वहीं कई बच्चे घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बाराबंकी सड़क हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिया है। उन्होंने घायल बच्चों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं।

## सपा के पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण कांग्रेस में हुए शामिल, प्रयागराज से लड़ेंगे चुनाव

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सपा के पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण सिंह मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वो प्रयागराज से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने इसकी तस्दीक की है। सपा के पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह ने मंगलवार दोपहर कांग्रेस की सदस्यता ले ली। वह प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रयागराज नेहरू परिवार का गृह क्षेत्र रहा है। वहां से उज्जल रमण का आना पार्टी के लिए अहम है। उनके आने से पार्टी को ताकत मिलेगी। वह सपा में लंबे समय तक रहे। वह लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उज्जवल रमण के आने से पार्टी को ताकत मिली है। उनके साथ मिलने से पूरे प्रदेश में दमदारी से चुनाव लड़ा जाएगा। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि गठबंधन के तहत प्रयागराज में नई इबारत लिखी जाएगी। उज्जवल रमण ने कहा कि संविधान खतरे में है। जनतंत्र खतरे में है। भाजपा का विरोध करने के लिए हम सभी एकजुट हैं। दोनों दलों के नेताओं का विश्वास मिला। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति के आधार पर प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं।

लोस चुनाव

### चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिए किया लॉन्च

## फेक न्यूज से निपटेगा 'मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर'

एजेंसी




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान फेक न्यूज से निपटने के लिए मंगलवार को 'मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर' लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाना और मतदाताओं को सटीक जानकारी देने के लिए चुनाव आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन, नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध है।

मिथक बनाम वास्तविकता रजिस्टर चुनाव के दौरान प्रसारित मिथकों और झूठ को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करता है। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल डिज़ाइन किया गया है।

यह ईवीएम, वीवीपीएटी, मतदाता सूची, मतदाता सेवाओं, चुनावों के संचालन आदि को लेकर मिथकों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है। यह रजिस्टर पहले से ही उजागर चुनाव संबंधी फर्जी जानकारी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संभावित मिथक, महत्वपूर्ण विषयों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न की सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है।

### लोकसभा चुनाव : आयोग ने नियुक्त किए विशेष पर्यवेक्षक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 और विधानसभा उपनिर्वाचन के दौरान चुनाव में धन, बाहुबल और अफवाहों से उत्पन्न चुनौतियों की कड़ी निगरानी करने के साथ निर्वाचन प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक के रूप में अजय वी नायक आईएएस सेनि, मनमोहन सिंह आईपीएस सेनि को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक तथा राजेश टुटेजा पूर्व आईआरएस, इनकम टैक्स को विशेष व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा नियुक्त सभी पर्यवेक्षकों के पास संबंधित क्षेत्र के साथ निर्वाचन प्रक्रिया में विशेषज्ञ है। नियुक्त किये गये विशेष पर्यवेक्षक प्रदेश में सतर्कता के साथ चुनावी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्वाचन में धनबल के दुरुपयोग, अवैध शराब और मुफ्त उपहारों के वितरण पर रोक लगाने के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है।

# भ्रष्टाचारियों से देश को बचाने में जुटे हैं मोदी : संजय राय

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि इंडी गठबंधन देश के भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटा है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसते हुए देश से भ्रष्टाचार हटाओ की मुहिम छेड़े हुए हैं। सभी भ्रष्टाचारियों को देश की लूटी हुई रकम की पाई पाई लौटानी होगी,यह मोदी की गारंटी है।

क्षेत्रीय प्रभारी मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि विपक्ष इंडी गठबंधन के नाम पर लूटो और राज

- लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

करो की नीति पर एकजुट हुआ है।कहा इंडी गटबंधन के नेता आए दिन झूठ बोल कर अथवा सनातन धर्म को गाली देकर देश को बदनाम करने पर उतारू है। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन, लालू यादव, अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं के नाम लेकर तंज किया कि इंडी गठबंधन के अधिकांश नेता या तो जेल में है या जमानत पर रिहा हैं।देश में इंडी गठबंधन के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार




बना लिया है। कहा प्रदेश ने सपा शासन के दौरान भ्रष्टाचार, गुंडा गर्दी, माफियाराज एवम दंगों का दंश झेला है।उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि विपक्षी नेता मोदी और देश को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। ये घोटालेबाजों की बारात है, जो देश को लूटना चाहते हैं। सभी मिलकर नरेंद्र मोदी को रोकना चाहते हैं, लेकिन वे रुकने वाले नहीं हैं।कहा यूपी में कांग्रेस शून्य हो गई है। रायबरेली से सोनिया गांधी का पलायन कांग्रेस की जमीनी हकीकत बयां करती है। इंडी गठबंधन की बात करने वाली कांग्रेस आकाश से लेकर पाताल तक और आजादी से लेकर आज तक घोटालॉन में लिप्त रही है।उन्होंने रामचरित्र मानस, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने वालों पर कांग्रेस एवम सपा सहित अन्य विपक्षियों की चुप्पी को देश के हिंदू समाज का अपमान बताया। कहा मोदी के लिए 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और वह अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों को करारा जवाब देगी। कहा एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगा। इसके पूर्व फीता काटकर क्षेत्रीय प्रभारी ने केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया एवम विधिवत पूजा अर्चन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब भी दिया। संचालन जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई ने किया।इस अवसर पर खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, विनोद कुमार मिश्रा, विधायक साकेंद् प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत, शरद अवस्थी, सुधीर कुमार सिंह सिद्धू, अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, हरगोविंद सिंह, विजय आनंद बाजपेई, रामनाथ मौर्य, डॉक्टर हरिनाम वर्मा, धर्मेंद्र यादव,आरती रावत, रवि रावत, संदीप गुप्ता, आशुतोष अवस्थी,अमरीश रावत, लवली रावत, वेद प्रकाश रावत,पूजा सिंह, रामकिशोर शुक्ला मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद जैदपुर पुलिस द्वारा दहेज उत्पीड़न व मारपीट करने वालों? के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार नूर बानो पुत्री जहीर निवासी गोछौरा थाना जैदपुर का विवाह शुकलई बाराबंकी के मेराज पुत्र हसरत अली के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति सहित ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग कर मारपीट कर तरह तरह से प्रताणित करने के मामले आये दिन होते रहते थे। दिनांक 27/3/2024 को पति व परीवार के लोग दहेज़ की




मांग करते जमकर मारापीट की जिससे पीड़ित काफी चोटिल हो गयी थी। जिसकी शिकायत थाना जैदपुर में करने के बाद कोई कार्यवाही न होने से निराश पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देते हुये न्याय की गुहार लगाने पर जैदपुर पुलिस ने पति मेराज,कल्लू, अनवर, नसरीन, कल्लो आदि के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### कन्डक्टर ने बैग वापस कर कायम की ईमानदारी की मिसाल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** लोग कहते है की अब गद्दारी, मक्कारी व बेईमानी का समय है लेकिन ऐसा नहीं है ईमानदारी आज भी जिंदा है जिसका जीता जागता सबूत इस वक्त देखने को मिला जब एक विद्यार्थी का बैग बस में छूट गया और दूसरे दिन परिचालक ने उसे वापस किया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बरेली डिपो की बस मे बैग छूट गया था जिसमे काफी सामान था। बैग बस परिचालक को मिला उसने पता कर बैग मालिक को दूसरे दिन बैग वापस कर दिया। थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पडरिया तुला निवासी हिमांशु पुत्र जितेंद्र भारद्वाज जो पूरनपुर राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग कर रहा है। हिमांशु सोमवार को भीरा से कॉलेज जाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बरेली डिपो की बस नम्बर यूपी 27ए टी 4963 पर बैठा और पूरनपुर में बस से उतर गया। बैग बस मे ही रह गया बस चली गयी तब हिमांशु को बैग याद आयी। उधर बस परिचालक ने बस में जब बैग रखी देखी तो बस में सभी यात्रियों से पूछ ताछ की, यात्रियों ने बताया जिसका बैग था वो पिछले स्टाप पर उतर गया है, बैग शायद गलती से छूट गई है। तब बस परिचालक ने बैग खोल कर देखा तो उसमे कॉलेज का आई कार्ड मिल गया। जिससे उसने उस मोबाइल नंबर पर बात करके बताया कि सुबह नौ बजे पूरनपुर आ जाऊंगा आकर अपनी बैग ले लेना। बैग मे कपडे कोर्स कि किताबों के साथ खर्च को मिले पांच हजार रुपये भी रखे थे। दूसरे दिन पूरनपुर पहुँच कर बस परिचालक ने फोन करके हिमांशु को बुलाया और बैग दे दी, रुपयों सहित सारा सामान भी चेक करा दिया। सामान पाकर हिमांशु कि खुशी का ठिकाना नही रहा वही वहां पर मौजूद सभी लोगो ने बस परिचालक के ईमानदारी की प्रशंसा की और धन्यवाद दिया।

### अवैध शस्त्र बनाते दो चढ़े पुलिस के हत्थे



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 तमंचा, एक देशी बन्दूक एवं तमंचा बनाने के उपकरण बरामद कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखरसिंह व उपनिरीक्षक हिमांशु आनन्दसिंह मय फोर्स पिपरिया कसान में वीरेन्द्र के गेहूँ के खेत के पास स्थित छप्पर की झोपड़ी में अवैध शस्त्र बनाते हुए पकड़ लिया। उनके कब्जे से 3 तमंचा 315 बोर एक अवैध बन्दूक 315 बोर एक तमंचा 12 बोर पुराना 8 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एक खोखा- एक बुलेट 315 बोर कारतूस तथा एक अदद ड्रिल मशीन मय प्लास्टिक बाक्स, 3 निडिल, 2 लकड़ी की मुठिया, 2कटर लोहा, एक ड्रिल मशीन छोटी, एक ड्रिल मशीन लकड़ी साफ करने वाली, ड्रिल मशीन पत्ती तेज करने वाली, हथौड़ा, फरमा, रन्दा, बरमा, एअर कम्प्रेसर मशीन सहित तमाम उपकरणों के साथ 50 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम पिपरिया कसान /रूपराम पुत्र सूबेदार निवासी पल्हना पुर थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके बाद पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने प्रभारी निरीक्षक की सराहना की और लोक सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशील अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। वही निरीक्षण की जानकारी पत्रकार को नही दी गई।

### सुदामा चरित्र व परीक्षित की कथा सुन सोता हुए मंत्रमुग्ध

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम बल्लूपुर में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने महाराज परीक्षित की अनेक जिज्ञासाओ का समाधान करते हुए सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय के 24 गुरुओं और राजा परीक्षित के मुक्ति के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के परम प्रिय मित्र सुदामा के चरित्र का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता हो तो सुदामा कृष्ण जैसी। श्री शास्त्री ने कहा कि सुदामा निर्धन थे दरिद्र नही क्योंकि दरिद्र वह होता है। जिसके मन में संतोष न हो,जबकि सुदामा तो परम सन्तोषी थे। मुख्य यजमान अनिल कुमार तिवारी, उनकी पत्नी, पं०सिद्धनाथ तिवारी, ओमप्रकाश अवस्थी,धर्मेंद्र मिश्रा,अभिषेक, भूपेंद्र, सुनील राजेश, रवि आदि मौजूद रहे।

# मनुष्य जीवन की आदर्श आचार संहिता है रामचरित मानस : प्रकाश चन्द्र पांडेय

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस मानव जीवन की आदर्श आचार संहिता है, मानस में वर्णित आदर्शों के आधार पर चलने वाला मनुष्य ही इस धरती पर मनुष्य कहलाने के लायक है।

यह बात वरिष्ठ कथावाचक एवं मानस मर्मज्ञ पंडित प्रकाश चंद्र पांडेय विद्यार्थी ने सोमवार को निष्क निष्कापुर गांव में चल रहे मानस संत सम्मेलन के अंतिम दिन उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कही ।उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया जैसा मुस्लिम देश भी राम के चरित्र पर अपना विश्वास रखता है तथा न केवल वहां रामायण सम्मेलन होता है बल्कि वहां का सम्राट भी रामचरितमानस को मानव धर्म का ग्रंथ स्वीकार करता है। श्री विद्यार्थी जी ने कहा कि रामचरित मानस एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें पक्षियों की चर्चा हुई है जटायु राम जी की सेवा में कार्य करते हुए परमगती को प्राप्त हुए इसलिए राम जी ने उनके सामान किसी दूसरे को नहीं बताया। रामचरितमानस हरि को तजकर विषयों में मन लगाने वालों को अभागा कहती है काग भूसुंडी मानस मर्मज्ञ है उनकी चेतना ने आध्यात्मिकता को आकाश भर ऊंचाई प्रदान की है। राम की कथा धरती के जीवन में मानवता लाने का कार्य करती है राम के अयोध्या में ना रहने के कारण अयोध्यवासी अभागी और वनवासियों को भाग्यशाली बताया गया है। रामचंद्र जी के साथ शाए की तरह रहने वाले लक्ष्मण को भी बड़भागी बताया गया है। श्री पांडेए जी ने कहा कि रावण रामचरितमानस का खलनायक है लेकिन रावण ने युवावस्था में अपने दोनों भाई कुंभकरण एवं विभीषण के साथ तपस्या की थी लेकिन आज भाई के साथ भाई भोजन भी करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज नैतिक पतन इस तरह हो गया है कि लोगों में प्रेम व्यवहार एवं आपसी भाईचारा खत्म होता जा रहा है आवश्यकता इस बात की है कि हम रामचरितमानस जैसे सतग्रंथ का पाठ करें तथा उसमें रचित आदर्श को जीवन में आत्मसात करें तभी नैतिकता को बढ़ावा मिल सकेगा क्योंकि रामचरितमानस ही जीवन में व्याप्त अंधेरे में प्रकाश पैदा करने में सक्षम है। आज की कथा में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह वरिष्ठ कवि राम किशोर तिवारी किशोर पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह देव प्रकाश तिवारी भोलानाथ मिश्र सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।

# गैर जनपदीय दो बदमाश गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में जेवर बरामद

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मुखबिर की सूचना पर मसौली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए गैर जनपदीय् गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा मे सोने चांदी के जेवरात 5 मोबाइल सेट सहित तीन हजार नगदी, व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर का जिन्दा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तारी के दौरान एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे मसौली कस्बा प्रभारी अनिल कुमार सिंह हमराह नरेन्द्र कुमार, विकास यादव के साथ गस्त के दौरान भयारा मोड पर मौजूद थे। तभी थाना रामनगर से आये उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह राठौर व उमेश यादव मय हमराह.बृजेश कुमार आपस में विगत दिनों में हुई चोरी की घटनाओं के अनावरण के बारे में विचार विमर्श कर ही रहे थे तभी मुखबिर को सूचना मिली कि कुछ लोग रफी मेमोरियल इण्टर कालेज के पास चोरी



के जेवरात व मोबाइल बेचने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी कर जनपद बहराइच के थाना फखरपुर के ग्राम खालिदपुर निवासी विनय गौड़ उर्फ छोटू पण्डित पुत्र गुरुनरायण की जामा तलाशी में एक अदद देशी तमंचा 315 बोर का जिन्दा कारतूस,दो हजार रुपए एक जोड़ी पायल,एक जोड़ी पायजेब,एक जोड़ी झुमकी, एक मंगलसूत्र, दो अदद स्मार्ट फोन और दूसरे अभियुक्त बाराबंकी जनपद के कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत रसूलपुर निवासी शशांक शुक्ला पुत्र राजेन्द्र शुक्ला के पास से एक जोड़ी झुमकी,सोने की एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक सोने का ओम का ठप्पा, एक जोड़ी नथुनी, 3 मोबाइल फोन, एक हजार रुपए नगदी, बरामद हुए है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान अलग अलग क्षेत्रों में रात के समय घरों से जेवरात, मोबाइल व सामानों की चोरी की बात कबूल करते हुए कहा कि उसकी बिक्री से मिलने वाली धनराशि से परिवार का जीवनयापन करने के साथ खुद ऐशों आराम करते है। विगत दिनों में हम दोनों ने मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में कई घरों में चोरियां की है।चोरी में जेवरात, रुपए और मोबाइल को बेचने के लिए जनपद बहराइच के मसूरगंज जा रहे थे। लेकिन पुलिस को देखकर पकड़े जाने की डर से हम दोनों लोग स्कूल के पास छिप गये थे। जनवरी के पहले सप्ताह में मसौली के एक घर में चोरी की थी जिसमें 5 हजार नगदी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोडी चांदी की पायल,एक मोबाइल सेट चोरी की थी। 17 मार्च को थाना फतेहपुर के ग्राम हसनपुर टाडा में रात्रि में एक घर को निशाना बनाया जहां अलमारी और बॉक्स का ताला तोड़कर एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी झुमकी, एक मंगलसूत्र,सोने का ओम, एक जोड़ी नथुनी आदि सामान हाथ लगे थे।इस चोरी की घटना में मिले जेवरात जनपद बहराइच के थाना दरगाह शरीफ के मन्सूरगंज के निवासी वसीम उर्फ मिट्टी तेल पुत्र जमील के यहां बेची थी।उसी धनराशि से मार्फीन आदि की खरीदारी भी किया।6 माह पूर्व रामनगर में एक घर को निशाना बनाया था। जिसमें एक स्मार्ट मोबाइल,एक गल्लक की में रखें कुल 12 हजार रुपये की नकदी चोरी की थी।दो माह पहले थाना रामनगर के भगौतीपुर में क्षेत्र के स्कूल से एक गैस सिलेंडर,एक भट्ठी, प्रेशर कुकर ,चावल की चोरी को स्वीकार किया है। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों चोर जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जिन्होंने आधा दर्जन से अधिक घटनाओं को स्वीकार किया है।इसी में एक सदस्य भागने में सफल रहा है।जिसकी तलाश की जा रही है। विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज गया है।

# सिसैया कला में लगी आग में दर्जनों घर जले

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा क्षेत्र के सिसैया कला गांव में मंगलवार को अज्ञात कारणों से निकली चिंगारी से लगी आग में देखते ही देखते एक दर्जन घर जलकर राख का ढेर बन गए। इस दौरान लोग अपने आप के अलावा मवेशियों को ही बचाने में कामयाब हो पाए बाकी घरों में रखी गृहस्थी पल भर में ही जलकर राख हो गई। जिसकी सूचना पाकर पहुचीं फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया। वही घटना को लेकर कुछ ही देर बाद मौके पर दल बल के साथ पहुचे एसडीएम व तहसीलदार ने पीड़ितों को तत्काल आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।



- ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड ने आग को किया काबू
- मौके पर पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार
- पीड़ितों को आवश्यक वस्तुएं देकर कर हरसंभव मदद का दिया अस्वासन

मंगलवार को सिसैया कला गांव में अज्ञात कारणों से उठी चिंगारी से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया जिसकी चपेट में आये नसरत खा पुत्र अहमद खां, सफीक पुत्र नसरत,सावरान पुत्र रहीश खां,किस्मतुन बेवा नफ़ीस,साहिन पत्नी मुसीर खां,शालीम पुत्र बकश, गंगा-इतवारी, नीतू पत्नी विजय, ख़ुशी-इतवारी, चंद्रिका-इतवारी व अमरेश पुत्र चंद्रिका के घर देखते ही देखते पल भर में जलकर राख का ढेर बन गए। जिसको लेकर मौके पर पहुचीं फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया। वही घटना की जानकारी पाकर कुछ ही देर में एसडीएम राजेश कुमार व तहसीलदार आदित्य विशाल ने हुए नुक़सान का राजस्व निरीक्षकों से आंकलन कर जल्द ही रिपोर्ट देने के निर्देश देकर पीड़ितों को मौके पर ही आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध करवाकर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। इस बाबत तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि अग्निकांड में ग्यारह लोग प्रभावित हुए है फिलहाल सभी पीड़ितों को तत्काल कम्बल,पानी की टंकी व खाने पीने की वस्तुएं उपलब्ध करवा दी गई है। जल्द ही अन्य मदद भी उपलब्ध करवा दी जाएगी।



### टीचर्स प्रीमियम लीग का बीईओ ने किया शुभारंभ

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की नवीन तहसील के निकट मैदान में टीचर्स प्रीमियम लीग टीपीएल का शुभारंभ बी ई ओ मितौली द्वारा किया गया। इस लीग में ब्लॉक की कुल पाँच टीमें प्रतिभाग करेंगी। उद्घाटन के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने खिलाड़ियों से परिचय कर उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन मैच भीखमपुर ने पैंतीस रनों से जीता। मंगलवार को खेले गए टीपीएल का उद्घाटन मैच बबौना सुपर किंग्स व भीखमपुर लायंस के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बबौना सुपर किंग्स ने क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। भीखमपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 141 रन बनाए। जवाब में उतरी बबौना सुपर किंग्स ने 141 रन के स्कोर के जवाब में 10 ओवर में 108 रन ही बना पाई। मैन आफ द मैच गौरव सिंह रहे। कमेंट्री शुशील कुमार एवं सवित मिश्रा ने की। निर्णायक की भूमिका पुष्पेंद्र गौतम एवं मुनेश कुमार ने की। कार्यक्रम में ए आर पी टीम से बृजेंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत पाण्डेय, अनुपम अवस्थी,अभिनव प्रताप एवं शैक्षिक संगठनों के आदरणीय पदाधिकारियों में रामप्रकाश त्रिवेदी, जमाल अहमद, संतोष कुमार भार्गव, होमेश्वर पाण्डेय, विनय पांडेय, सुधीर कुमार वर्मा, परमानंद यादव ,पीयूष शुक्ला, अरविन्द मिश्र, अमित शर्मा एवं कार्यक्रम के आयोजक अरविंद शर्मा सहित पांचों टीमों के खिलाड़ी सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# तत्वदर्शी संत से उपदेश लेकर सर्व दुख दूर होंगे : संत रामपाल महराज



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को लखीमपुर खीरी के भोगीपुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी का वेद, गीता जी, श्री मद भागवत गीता, पुराण, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ आदि से प्रमाणित सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। सत्संग प्रवचन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने बताया कि गीता जी अध्याय 15 श्लोक 1 में लिखा है कि ऊपर को पूर्ण परमात्मा आदि पुरूष परमेश्वर रुपी जड़ वाला नीचे को तीनों गुण अर्थात रजगुण ब्रह्मा, सतगुण विष्णू व तमगुण शिव रूपी शाखा वाला अविनाशी विस्तारित पीपल का वृक्ष है जिसके जैसे वेद में छंद है ऐसे संसार रूपी वृक्ष के भी विभाग छोटे छोटे हिस्से टहनियां व पत्ते कहे हैं उस संसाररुप वृक्ष को जो इसे विस्तार से जानता है वह पूर्ण ज्ञानी अर्थात तत्वदर्शी है। जिला कार्डिनेटर रवि कुमार वर्मा ने बताया कि जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का जिला लखीमपुर सहित दुबई, इंगलैंड, नेपाल, पाकिस्तान , कुवैत अमेरिका,कतर आदि देशों सहित भारत के सभी राज्यों में संत रामपाल जी के सत्संग प्रवचन होते हैं और संत रामपाल जी के करोड़ों अनुयाई दहेज लेनदेन, नशा, चोरी, व्यभिचार, घूसखोरी, जाती पाती आदि को त्यागकर सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं।

जिला लखीमपुर खीरी में हजारों परिवार संत रामपाल जी के बताए नियमों पर चलकर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं और संत रामपाल जी द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञानगंगा, जीने की राह जो कि सर्व ग्रंथ प्रमाणित पुस्तक है वितरण किया गया , संत रामपाल जी के अमृत प्रचवन प्रतिदिन श्रद्धा द्वद्ध वन दोपहर 2 बजे, नेपाल वन पर सुबह 6 बजेदेख सकते हैं संत रामपाल जी से जुड़ने के लिए www. jagatgururampalji. org visit करें।

# सांड़ के हमले से किसान की मौत

**पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आवारा सांड के हमले से किसान की मौत हो गई। पसगवां क्षेत्र के पांडेवारी गाँव में सर्वेश 50 पुत्र बग्गा मंगलवार की दोपहर दो बजे अपने खेत पर गया था जहां उसकी फसल को आवारा सांड नष्ट कर रहे थे, जिन्हें सर्वेश भगाने लगा इतने में ही एक सांड ने सर्वेश पर हमाला बोल दिया और कई बार उठा पटक कर दी जिससे सांड की एक सींग सीने में जा घुसी जिसके बाद सर्वेश लहू लुहान हो गया जिन्हे आस पास के किसाने ने मौके से बचाया और 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बता दे सांड से मौत का यह कोई नया मामला नहीं है इससे भी पूर्व सांड के हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार प्रशासन के कर्मचारी अधिकारी अपने रवैये में सुधार नही ला रहे हैं। जिससे शासन की मंशा का मखौल नजर आ रहा हैं और सडको , खेतों, गावो में आज भी आवारा गौवंशीय भी घूम रहे हैं।

# रासलीला में सत्यवादी राजा मोरध्वज की लीला का हुआ मंचन

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

संत श्रीतुलसीदास की कर्म स्थली श्रीराम वाटिका धाम में चल रहे श्री संत तुलसीदास महोत्सव एवं 27 लक्ष श्रीराम नाम महायज्ञ मे पांचवे दिन सोमवार को हजारों लोगों ने रामवाटिका धाम मे पहुंचकर यज्ञ स्थल की परिक्रमा की और यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डाली।

वही वृंदावन से आए कलाकारों ने दिन मे रामलीला व रात्रि मे रासलीला का मंचन किया। दिन की लीला मे राम वन गमन लीला का संजीव मंचन किया गया जिसमे अयोध्या के राजा दसरथ से रानी तीन वरदान मांगती है



जिनमे एक वरदान मे वाह राम का चौदह वर्षो का वनवास मांग लेती है श्रीराम अपने पिता की आज्ञा को मानकर चौदह वर्षो के लिए वन को चले जाते है इधर राजा दसरथ राम के वियोग मे अपने प्राण त्याग देते है। वही रात्रि की रासलीला मे सत्यवादी राजा मोरधव्ज की लीला का संजीव मंचन किया गया। मोरधव्ज राजा सत्यवादी राजा थे एक बार भगवान श्रीकृष्ण व अर्जुन उनकी परीक्षा लेने के लिए गए और उनके साथ मे एक सिंह भी था भगवान ने राजा से कहा की यह मेरा सिंह बहुत भूखा है इसे भोजन दो तब राजा ने कहा की भगवन आपका सिंह किया खायेगा तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा की यह मेरा सिंह आपके पुत्र के बांये अंग का मांस खायेगा और साथ ही शर्त यह है की तुम और तुम्हारी स्त्री दोनों की आंख से आंसू नही आना चाहिए अगर आंसू आ गया तो मेरा सिंह नही खायेगा। शर्त के साथ राजा ने अपने पुत्र को रानी के साथ आरे से चीरते समय रानी की बांयी आंख से आंसू आ गया भगवान ने कहा की आंसू आ गया है अब नही खायेगा। इस तरह से भगवान राजा से प्रसन्न होकर उनको वरदान दिया। इस लीला को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। इस दौरान समिति के संरक्षक भगौती प्रसाद आढ़ती,भगौती प्रसाद शुक्ला, रामकुमार शर्मा,अचल अवस्थी, योगेंद्र मिश्रा सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सालय का संयुक्त रूप से हुआ निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा द्वारा मंगलवार को सुबह करीब 11 जिला महिला चिकित्सालय का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा सभी पर्चों को ऑनलाइन करने और टीकाकरण को शत प्रतिशत करने के साथ आशाओं को अपनी वेशभूषा में आने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उनके द्वारा आयुष्मान कक्ष, लेबर रूम, आयुष्मान वार्ड, सर्जिकल वार्ड व पैथोलॉजी, एसएनसीयू कक्ष सहित पूरे परिसर का भी निरीक्षण किया गया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने निरीक्षण के क्रम में बताया कि उन्होंने सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा के साथ मंगलवार दोपहर 11 बजे चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया है।

इस दौरान ओपीडी में 92 पर्चे बने थे, जिनमें से 60 पर्चे ऑनलाइन बनाए गए थे, इसे शतप्रतिशत करने के निर्देश दिए गए। वहीं टीकाकरण कक्ष में तीन एएनएम द्वारा एक साथ टीकाकरण किया जा रहा था उन्होंने



पाया कि दोपहर 2 बजे के पश्चात जीरो डोज टीकाकरण नहीं होता है। इसे लेकर उन्होंने सुबह 8:00 बजे से 2 बजे तक टीकाकरण करने के उपरांत दोपहर 2 बजे से शाम 8:00 बजे तक जीरो डोज का टीकाकरण करने के निर्देश दिए। रात्रि को जन्म होने वाले बच्चों का टीकाकरण प्रातः काल दूसरे दिन करने का निर्देश दिया। वार्ड में निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि आशाओं द्वारा अपनी निर्धारित वेशभूषा में चिकित्सालय नहीं आया जा रहा है। इसे लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आदेश लगवाने के साथ ही अपनी वेशभूषा में और पहचान पत्र के साथ आने के निर्देश दिए।

लैब में निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि संख्या अधिक होने के कारण एक अन्य एलटी की आवश्यकता है, इसकी व्यवस्था के लिए कहा। अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के साथ ही उन्होंने संयुक्त रूप से रजिस्ट्रेशन काउंटर, औषधि वितरण कक्ष, डॉक्टर ओपीडी, टीकाकरण कक्ष, आयुष्मान कक्ष, लेबर रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, आयुष्मान वार्ड, सर्जिकल वार्ड, पैथोलॉजी, सीएनसीयू वार्ड, साथिया क्लिनिक, फैमिली प्लानिंग काउंसलर रूम, रिकॉर्ड रूम, एचआईवी लैब और एचआईवी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह, डीएमएचसी लल्ला सिंह, कनिष्ठ सहायक व हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीएम के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार : विधायक

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।




मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर इंडि रैली पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को गौरा के विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा संबोधित किया गया। भाजपा गोंडा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हम सभी ने रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारा का डेली शॉप देखा। हमने देखा कि भ्रष्टाचारी किस घमंड में अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ मगर इंडि गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इंडि गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे कितने भी हमले कर ले प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और मोदी जी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने जिसने देश को लूटा है उसे अब लौटान ही पड़ेगा यह मोदी की गारंटी है। इंडि गठबंधन घोटालेबाजों की बारात है।यहां सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उसके भ्रष्टाचार पर चर्चा ना हो। आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है।

कांग्रेस आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलू इलू कर रही है लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ लड़ने से इनकार कर दिया। बिहार में राजद ने अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिए। कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिए।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस घमंडीया गठबंधन के काम क्या है उनके काम है कि जितना हो सके लूटो। हर दिन एक नया झूठ बोलो।मोदी जी को गाली दो। देश को बदनाम करो। हिंदू धर्म को गाली दो। जमकर घोटाले करो। जांच एजेंसीया जब नोटिस दे तो इग्नोर करो। कार्रवाई हो तो कोर्ट पहुंचो। कोर्ट भी फटकार लगाई तो विक्टिम कार्ड खेलो। देश के लोकतंत्र पर खतरा बताओ। जनता को गुमराह करो। सारे चोर इकट्ठे हो जाओ जोर-जोर से बोलो छाती पीट पीट कर बोलो कि भ्रष्टाचार बचाओ। सत्येंद्र जैन को जमानत देने से कोर्ट का इंकार है। मनीष सिसोदिया को जमानत कोर्ट नहीं दे रहा है। केजरीवाल कोर्ट के आदेश पर रिमांड में है। हेमंत सोरेन को जमानत कोर्ट नहीं दे रहा है। कांग्रेस पार्टी के इनकम टैक्स की रिकवरी को दिल्ली हाई कोर्ट सही ठहरा रहा है। शाहजहां शेख पर कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। सपा पार्टी कभी कांग्रेस को देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी कहा करती थी आज उन्हीं के साथ बनी हुई है।

### जेल में बंद नेताओं को कोर्ट भी जमानत नहीं दे रही

विपक्ष की टोली को देखिएगा तो पता चलेगा कि जो भ्रष्टाचारी हैं, वो भ्रष्टाचार के मामले में या तो जेल में है या बेल पर हैं। वह भ्रष्टाचार बचाओ रैली निकाल रहे हैं। यह सारे लोग संदेशखाली की घटना पर चुप रहते हैं। उनके नेता देश तोड़ने की बात करते हैं लेकिन उसपर कार्यवाही के बजाय लोकसभा का टिकट देते हैं। यह लोग देश की शक्ति का अपमान करते हैं। शाहजहां शेख जैसे अपराधी पर चुप रहते हैं। उदय निधि स्टालिन के सनातन विरोधी बयान पर चुप रहते हैं। रामचरितमानस के अपमान पर चुप रहते हैं। हिंदू देवी देवताओं के अपमान पर चुप रहते हैं। प्रभात कुमार वर्मा ने आगे कहा कि उनके चेहरे देखिए हर एक चेहरे पर घोटाले और भ्रष्टाचार का काला धब्बा है। जेल में बंद नेताओं को कोर्ट भी जमानत नहीं दे रही है।

# खबर का आंशिक असर

- मिश्रौलिया ओवर ब्रिज के दोनों साइड गड्ढे का प्रकरण

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



बताते चलें की लगभग दो माह से एसआर पेट्रोल पंप के सामने सड़क धँस गई थी और काफी घटनाएं उसके कारण घटित हुई किंतु प्रशासन कान में तेल डालकर बैठा हुआ था जब इस प्रकरण को शनिवार 30/3/2024 को समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया तो समाचार पत्र में छपी खबर को संज्ञान में लेकर प्रशासन ने रविवार को पेट्रोल पंप के साइड के गड्ढे को पाट कर बराबर कर दिया किंतु उसके दूसरे साइड में जिधर त्रिकुटा अस्पताल है उधर का गड्ढा अभी ज्यों का त्यों छोड़ दिया है विदित हो की यदि उसे गड्ढे को भी नहीं भरा गया तो किसी दिन बहुत बड़ी दुर्घटना हो जाएगी और तब जिला प्रशासन के सामने पछताने के सिवा और कुछ नहीं बचेगा इसलिए यहां यह कहना गलत नहीं होगा की खबर का हुआ आधा अधूरा असर ।

# दबंगों के प्रताड़ना से युवक ने खाया जहर, मौत

- फर्जी तरीक़े से लाखों रुपये देने का दबाव बना रहे थे विपक्षी
- मृतक के परिजनों ने विपक्षियों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में दबंगो के प्रताड़ना से आहत युवक ने जहर खा लिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पत्नी का कहना है कि विपक्षी उसके पति पर फर्जी तरीक़े से लाखों रुपये देने का दबाव बना रहे थे। मृतक के परिजनों ने विपक्षियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

मंगला देवी पत्नी रामदत्त निवासिनी ग्राम कोंचा कासिमपुर ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि मेरे पति ने रामपाल सिंह पुत्र सूर्यलाल सिंह निवासी चौरी बीबी सिंह का कृषि कार्य हेतु 30 बीघा भूमि ले रखा था। जिसका हर छमाही 45000 रुपये दोनों की सहमति पर दिया जा रहा था। विपक्षी द्वारा कल बुलाया गया जिस पर उसका पति व बेटा हिसाब करने उनके घर गये,जहाँ पर रामपाल सिंह पुत्र सूर्यलाल व रामजी सिंह पुत्र रामपाल सिंह, शिव जी रामपाल सिंह द्वारा मेरे पति पर 2 लाख रुपये कूटरचित देने का दबाव बनाया गया। जब मेरे पति ने बताया कि पूरा हिसाब दे दिया गया है। जिस पर उपरोक्त विपक्षियों द्वारा माँ बहन की जातिसूचक गाली देते हुए मारा पीटा गया,जिससे आहत होकर मेरे पति द्वारा कोई विषैला पदार्थ खा लिया गया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। विपक्षियों के कार्य व्यवहार से पूरा परिवार सदमे में है। पीड़ित महिला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। जिससे विपक्षियों द्वारा अन्य कोई घटना कारित ना की जा सके।

# क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने आए किसान को डिप्टी आरएमओ ने किया सम्मानित



रुपईडीह /गोंडा समृद्धि न्यूज।

क्रय विक्रय समिति बड़गांव द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र रुकमंगदपुर में मंगलवार को गेहूं बेचने आए किसन को डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया।

विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत रूकमंगदपुर में पीसीयू क्रय विक्रय समिति बड़गांव द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए आए किसान हजूरी प्रसाद को डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा ने फूलमाला पहना कर केंद्र पर उनका स्वागत कर उत्साहवर्धन करते हुए क्षेत्र के सभी किसानों को गेहूं क्रय केंद्र पर ही अपना गेहूं बेचने के लिए आवाहन किया। केंद्र प्रभारी शिवपाल तिवारी ने किसान हजूरी प्रसाद का 30 कुंतल गेहूं की खरीद करते हुए भुगतान किया। इसमें पीसीयू जिला प्रबंधक जितेंद्र कुमार वर्मा, एडीओ सहकारिता सुधीर सिंह,ग्राम प्रधान रमेश चौरसिया, सर्वेश कुमार, कुलदीप, हरीश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, रमाशंकर तिवारी, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम न्यायालय के विरोध में उतरे अधिवक्ता

- कलम बंद हडताल का फूंका विगुल

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार भारत सरकार के सहयोग से तहसीलों में ग्राम न्यायालय की स्थापना जनपद न्यायाधीशों को निर्देशित किया गया था जिसका अनुपालन करते हुए जनपद गोंडा के दो तहसीलों मे ग्राम न्यायालय का कार्य करीबइकरीब पूर्ण हो चुका जबकि उसका विरोध जनपद के अधिवक्ता निरंतर करते रहे जनपद के तत्कालीन जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी गुमराह करते हुए आखिरकार मनकापुर व तरबगंज में ग्राम न्यायालय तहसील के बाद करनैलगंज में ग्राम न्यायालय की स्थापना की शुरु कर दिया ये बाते जिला बार के अध्यक्ष ने कहते हुए कहा कि अदालत जाने सूचना जैसे ही जिला बार एसोसिएशन तथा सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को मिली अधिवक्ताओं का एक दल जनपद न्यायाधीश से मिला और उन्होंने आश्वासन देते हुए अधिवक्ताओं को ग्राम न्यायालयको रोके जाने का आश्वासन दिया था जो पूर्ण ना हो सका जिसके विरोध में आज जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, महामंत्री चंद्रमणि तिवारी, सीबीए के अध्यक्ष संगम लाल दुबे महामंत्री दिनेश नारायण पांडे के नेतृत्व में सिविल बार के गेटों में ताला लगाकर गेट पर ही दिया धरना जिस कारण घंटो अवरोधित रहा रास्ता जबकि किसी बीच देवीपाटन मंडल के कमिश्नरको भी अपने वाहन से उतरकर अपने कार्यालय तक पैदल ही जाना पड़ा सभा को संबोधित करते हुए तमाम अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को पूर्ण नाहोने तक आंदोलन जारी रखने का सुनाया फरमान और खूब नगर प्रशासन को सुनाई खरी खोटी जनपद जनपद न्यायाधीश को भी दी चेतावनी जिस समय दोनों बार एसोसिएशन के हजारों अधिवक्ता, वादकारी, कार्यालय से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### सोनबरसा में छात्र-छात्राओं का प्रगति पत्र वितरित



मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज। मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में आठवीं उत्तीर्ण किये बच्चों का सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही कक्षा एक से आठवीं तक के वे बच्चे जो प्रथम, द्वितीय व वृतीय स्थान पर थे उनको सम्मानित किया गया। बच्चों में अंक पत्र वितरण के साथ ही पुरस्कार स्वरूप थाली, कॉपी आदि भेंट किया गया। साथ ही अव्वल रहे सभी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। परीक्षा फल के क्रम में निधि, अंजनी, संध्या वर्मा, अंशिका, चांदनी यादव, ताज मोहम्मद, अमन कुमार अपनी अपनी कक्षा में प्रथम। प्रकार आकृति भूमिका मौर्य मोहम्मद शोएब, ज्योति, लक्ष्मी भारती, अंजनी पासवान,रिया शर्मा, लक्ष्मी कनौजिया ,खुशनज बानो अपनी अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रितेश कुमार, अंशु, अजीत कुमार ,साकिरा बानो बानो, शिवपूजन, युवराज यादव, माधुरी संजू निषाद व सुषमा अपनी अपनी कक्षा में तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर पर प्रधान प्रतिनिधि विजय चौहान, स्पेशल एजुकेटर, रामसुख वर्मा, शिक्षकों में बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, अमर ज्योति, चित्रावती मौर्य, अनुराधा मिश्रा व पूनम यादव उपस्थित रहे।

### मंडे नाला पार्ट-2 प्रकरण में बाधा बन रहा होटल




नरेंद्र लाल गुप्ता, गोंडा ,समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के साफ आदेशों के बावजूद जिले के कुछ ऐसे अधिकारी है जिन्हें एक होटल का खाना – पीना इतना पसंद आ गया कि उसी के चक्कर में पश्चिम पटरी पर बने लगभग दो दर्जन ऐसे प्रतिष्ठान है जो नजूल पट्टी पर अवैध रूप से बनाए गए हैं इन प्रतिष्ठानों के बारे में जिलाधिकारी ने इससे पूर्व में जांच पड़ताल करने के बाद अनाउंसमेंट भी करवाया था कि अमुक रोज इधर की भी दुकानें तोड़ी जाएगी उन प्रतिष्ठानों के स्वामियों को कुछ अधिकारियों ने समझाया कि जाकर जिला अधिकारी से मिलो और कहो कि हमारे कुछ पेपर नहीं देखे गए थे कृपया इन्हें भी देख ले ऐसे में जिलाधिकारी ने उनके समस्त कागजातों को दोबारा भी देखने के बाद वही आदेश दिया कि इन अवैध अतिक्रमणों को ढहा दिए जाएं तब से अब तक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर मजिस्ट्रेट जिलाधिकारी के आदेश को इधर से उधर घुमाये जा रहे हैं जबकि जिलाधिकारी से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि जो गलत है वह गलत है और इसको भी ढहाया जाएगा सूत्रों द्वारा जो जानकारी प्राप्त हुई है वह कुछ इस प्रकार है जिलाधिकारी के बार–बार कहने के बावजूद उनके जो अन्य अधिकारी है वह पश्चिम पटरी की दुकानों को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं यहां एक बात और भी कहना जरूरी समझा जा रहा है कि इन दुकानों में एक दुकान ऐसी भी है जिसे एक नजूल कर्मी ने बैनामा किया हुआ है हो सकता है कि उक्त कर्मचारी की मेहरबानी से उन सभी को बचाया जा रहा हो लेकिन यहां एक बात और भी कहना आवश्यक है कि इससे पहले जो पूरब पटरी पर लगभग दो दर्जन दुकानों को तोड़ दिया गया उनका भी दोष सिर्फ इतना ही था कि उन्होंने भी नजूल पट्टी पर ही अपनी–अपनी दुकानें बनाई हुई थी अब लोगों का कहना है कि जब छोड़ना ही था तो जिलाधिकारी महोदया ने हम लोगों को उजाड़ कर बेघर क्यों कर दिया अपने आप में यह एक यक्ष प्रश्न है जो अपने आप में बहुत ही गंभीर है।

# आग की भेंट चढ़े चार मकान

- ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम रानियापुर के मजरा अहिरन पुरवा में मंगलवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण संजय के छप्पर वाले कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने के समय हवा इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण इकट्ठा होकर आग पर काबू पाते तब तक संजय सहित राम किशुन,रामरानी तथा रामरंग का घर जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के कड़ी मेहनत से गांव के अन्य घरों को बचाया जा सका। जले मकानों में रखा अनाज, कपड़े, बीस हजार नकदी सहित अन्य गृहस्थी के समान जल गए। मौके पर स्थानीय पुलिस व राजस्व लेखपाल पहुंचकर जांच पड़ताल किया। लेखपाल शैलेंद्र वर्मा ने संबंधित कोटेदार से पीड़ित परिवार को तत्काल अनाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । पीड़ित परिवार को अन्य सरकारी आर्थिक सहायता हेतु आश्वाशन भी दिया। ज्ञातव्य हो घटना स्थल से महज पांच किमी की दूरी पर अभी हाल ही में फायर स्टेशन का शुभारंभ हुआ है,परंतु दमकल की व्यवस्था नहीं हो सकी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार गरीबों को पक्का मकान देने का ताल ठोक रही है,इस अग्नि कांड ने आवास योजना किस तरह गांव तक पहुंचती है, पोल खोल दिया है।



### पक्षी मेरे मेहमान अभियान की शुरुआत

बहराइच समृद्धि न्यूज। गर्मी के दिनों में पक्षियों को बचाने और उन्हें पानी उपलब्ध कराने के लिए किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह द्वारा पक्षी मेरे मेहमान अभियान की शुरुआत की। शहर के किसान डिग्री कॉलेज में मंगलवार को आयोजित इस अभियान के संयोजक डॉ.सत्यभूषण सिंह ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच पक्षियों के लिए अपने घरों में जल की व्यवस्था करना हम सबका दायित्व है। यह अभियान महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने छात्र–छात्राओं के बीच पक्षियों के प्रति संरक्षण का भाव पैदा करने के लिए शुरू किया गया है। इस अवसर पर भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुतूलाल त्रिपाठी, गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ.तस्नीम फातिमा जैदी,वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश सिंह, चित्रकला विभाग की प्रभारी सविता वर्मा,प्राचीन इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति रस्तोगी, रसायनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर आकांक्षा रस्तोगी,समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर साधना सिंह तथा मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह, जंतुविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधा शुक्ला और राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र मौर्य सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# घर के बाहर पड़ा था महिला का शव, पति अंदर था बंद

- गांव के लोग जता रहे अवैध संबंध मे महिला के हत्या की आशंका

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम डाढ़े पुरवा गांव निवासी एक महिला का शव घर के बाहर मंगलवार को पड़ा मिला। जबकि महिला का पति कमरे में ही बंद था।

वहीं गांव के लोग महिला के हत्या की आशंका अवैध संबंध जता रहे हैं। पुलिस जांच की बात कह रही है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम डाढ़े पुरवा गांव निवासी सोनपरी देवी (50) का शव मंगलवार सुबह घर के सामने पड़ा मिला।शव मिलने की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला के पति की तलाश शुरू की तो उसका पति भगौती प्रसाद अंदर ही कमरे में बंद मिला।

किसी के द्वारा दरवाजे को बंद कर दिया गया था। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर पति को बाहर निकलवाया। इसके बाद पूछताछ की। गांव के लोगों का कहना है कि महिला का अपने चचेरे देवर से अवैध संबंध चल रहा था। जिसके चलते गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पति और गांव के लोगों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस-पैरामिलिट्री फोर्स ने कराया सुरक्षा का एहसास

- आचार संहिता का उलंघन करने वालों को नहीं जाएगा बख्शा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



मंगलवार को बौंडी पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ बौंडी थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील खैराबाजार, नौशहरा, रामगढी पट्टी समेत विभिन्न गांवों व कस्बों में फ्लैग मार्च किया गया।

लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करने के लिए सशस्त्र सीमा बल के 66वें बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट परमात्मा सिंह व बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने पुलिस बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि आगामी संसदीय चुनाव के मद्देनजर पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर चेक किया गया। आचार संहिता के उलंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश कुमार पांडेय, एसआई दिनेश सिंह, हरिलाल सिंह, गुलाब चंद्र यादव, राहुल सरोज, धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल सियाराम, कांस्टेबल रामगोपाल वर्मा, सचिन सिंह , अजय यादव, महिला कांस्टेबल ज्योति शाहू समेत पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद रही।

# छात्राओं को श्रम अधिकारी ने वितरित किए अंक पत्र

- हर चुनौती को दूर कर पढ़ाई जारी रखें छात्राएं : श्रम अधिकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर में संचालित बालिका विहान आवासीय विद्यालय की छात्राओं को मंगलवार को श्रम अधिकारी ने अंक पत्र वितरित किया उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई भी जारी रखें।शहर के हुजूरपुर रोड पर समाज शास्त्र विभाग की ओर बालिका विहान आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। यहां श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ अन्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। कक्षा पांच से आठ तक पढ़ने वाली छात्राओं को मंगलवार को अंकपत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदियानी रहे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाली छात्राओं को अंकपत्र देगा। इसके बाद उपस्थित अन्य छात्राओं को वार्डन प्रिया प्रसाद के साथ अंकपत्र दिया। छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रम अधिकारी ने कहा कि आज के समय में बालक और बालिका के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। ऐसे में सभी कठिनाइयों को दूर कर बालिकाएं शिक्षा जरूर ग्रहण करें इससे उनका भविष्य बेहतर होगा। इस दौरान शिक्षिका रुमन देवी, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न श्रीवास्तव, निधि मिश्रा, अंकित कुमार, संजीव समेत अन्य मौजूद रहे।

# युवक पर मधुमक्खियों ने किया हमला

- दोस्त ने जान पर खेलकर बचाई साथी की जिंदगी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के बेहडा गांव निवासी एक युवक मवेशियों के लिए बरसीम का चारा काटने जा रहा था। सोमवार शाम को मधुमक्खियों के झुंड ने युवक पर हमला कर दिया। उसे जमकर छेद डाला। एक दोस्त ने उसे बाइक पर लाद नदी किनारे ले जाकर पानी में डुबोया। तब जाकर मधुमक्खियों से निजात मिली। मधुमक्खियों ने दोस्त को भी डंक मारे। आनन फानन में एंबुलेंस मंगाकर गंभीर अवस्था में युवक को मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर डंक निकाल इलाज शुरू कर दिया गया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा निवासी 25 वर्षीय देवेश विक्रम सिंह पुत्र अरूण कुमार सिंह का घर से कुछ दूरी पर मवेशियों का अहाता है। जहां चारा काटने की मशीन लगी है। सोमवार शाम लगभग 4=15 बजे वह घर से मवेशियों के अहाते में बरसीम का चारा काटने जा रहा था। इसी दौरान पेड़ की डाल पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते पर किसी शरारती तत्व ने ढेला फेंककर मारा। जिसके चलते आक्रामक हुई मधुमक्खियों के झुंड ने देवेश पर हमला कर चारो ओर से हमला कर डंक मार मार कर घायल कर दिया। पीड़ित भूमि पर दर्द से कराहते हुए लोट रहा था। तो उसके दोस्त दीपेश पांडेय पुत्र रमा शंकर आनन फानन में बाइक से पहुंचा। देवेश को बाइक पर लाद नदी किनारे ले गया। उसका सिर बाहर रख उसे नदी में डुबोया। तब जाकर मधुमक्खियों के झुंड से पीड़ित को निजात मिली। हालांकि इस प्रयास में दीपेश को कई जगह मधु मक्खियों ने डंक मार दिए। उसे बेहड़ा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से घायल को मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल को भर्ती कर डंक निकलवा कर इलाज शुरू कर दिया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक की बैंड बाजे के साथ हुई भव्य विदाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- विद्यार्थियों के शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभिभावकों से समय-समय पर तालमेल स्थापित करते हे : जे. बी. चौधरी



तहसील कैसरगंज के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय नत्थनपुर के प्रधानाध्यापक हरिश्चंद्र वर्मा के सेवा निवृत होने पर मंगलवार को ग्राम प्रधान मुन्नी देवी की अध्यक्षता में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज जितेंद्र बहादुर चौधरी रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर वर्मा ने अपने वक्तव्य में उपस्थित शिक्षकों को जागरुक करते हुए कहा कि बच्चों के साथ प्रतिशत उपस्थिति के लिए आप उनके अभिभावकों से समय-समय पर मुलाकात कर तालमेल स्थापित करते रहे, जिससे हम अभिभावकों को जागरुक कर अच्छी शिक्षा दे सके। न्याय पंचायत डढ़ैला के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम के भागीदार बने, सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत शिक्षक हरिश्चंद्र वर्मा ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में नौनिहाल बच्चों ने अपने गुरु की विदाई पर उन्हें विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम के माध्यम से अपनी छवियों और यादगारों को साझा किया, यह गुरु शिष्य के हृदय में स्वर्णिम अक्षरों में एक यादगार बनकर अंकित रहेंगे।ग्राम पंचायत कुरसंडा (हाजीपुर) के निवासी किसान नक्छेद प्रसाद वर्मा के दो पुत्र बसंत लाल वर्मा और हरिश्चंद्र वर्मा, जिसमें बसंत लाल वर्मा एक योग्य किसान के साथ-साथ अच्छे समाजसेवी के रूप में अपने को पूरे क्षेत्र में प्रतिष्ठित किए हुए हैं, जबकि द्वितीय पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा ने 1989 में तहसील कैसरगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हर्राजपुर में शिक्षक पद पर अपने आप को सुशोभित करते हुए शिक्षण कार्य की शुरुआत की। सेवानिवृत शिक्षक हरिश्चंद्र वर्मा ने हर्राजपुर के बाद महुरी कला में 15 वर्षों तक ग्राम पंचायत पवही में 10 वर्षों तक और ग्राम पंचायत नत्थनपुर के कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर 9 वर्षों तक रहे। यहीं से अपने शिक्षण कार्य के दायित्वों का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्ति हुये। सम्मान समारोह के पश्चात करीब सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी विद्यालय से ग्राम पंचायत के बाहर तक बैंड बाजा और फूलमालाओं के साथ पदयात्रा कर सेवा निवृत शिक्षक को गमगीन आंखों से विदा किया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अकील अहमद, सहायक अध्यापक विवेक कुमार, सहायक अध्यापिका खुशबू, शिक्षामित्र हरदेव वर्मा ,फूल जहां, राजश्री मिश्रा, सहित सैकड़ो ग्राम वासी महिलाएं व पुरुष सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## खुशी मापने के पश्चिमी चश्मे पर सवाल

खुशी मापने के वैश्विक पैमाने को लेकर तमाम किंतु-परंतु रहे हैं लेकिन फिर भी भारत के नीति-नियंताओं को इस सवाल पर आत्ममंथन करना चाहिए कि भारत दुनिया के करीब 140 देशों में 126वें नंबर पर क्यों है। खुशी मापने के पश्चिमी चश्मे पर हमेशा से ही सवाल उठते रहे हैं, फिर भारत जैसे विशाल जनसंख्या व सांस्कृतिक विविधता वाले देश को एक पैमाने से मापना अतार्किक ही है। हो सकता है जिस बात पर अमेरिकी नागरिक खुश होते हों, वह एक आम भारतीय की खुशी की वजह न हो। सही मायनों में खुशी का आधार संतोष होता है। जो एक सापेक्ष स्थिति है। एक मनरूस्थिति है। फिर भारत जैसे देश का दर्शन भौतिक संपदा के बजाय आंतरिक शांति और संतुष्टि में खुशी तलाशता रहा है। फकीरों की मौज को खुशी के पैमाने पर कदापि नहीं आंका जा सकता। वैसे पश्चिमी मापदंड के आधार पर कर्ज में डूबे व अराजकता से जूझते देश पाकिस्तान को भारत के मुकाबले ज्यादा खुशहाल बताने का तर्क गले से नहीं उतरता। इस बार की वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट में एक बार फिर सातवीं दफा फिनलैंड लगातार खुशहाल देश बना है। उसके बाद डेनमार्क व आइसलैंड का नंबर आता है। ये देश विकसित मगर भारत के एक छोटे शहर की जितनी आबादी वाले देश हैं। निस्संदेह, बड़ी जनसंख्या का हमारी नागरिक सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता ही है। भले ही हमारे नीति-नियंताओं की नीतियों में खोट रहे हों और भ्रष्टाचार व्यवस्था को लीलता रहा है, लेकिन हम कैसे भूलें कि देश सदियों की गुलामी से निकलकर अपने पैरों पर खड़ा हुआ है। भले ही देश में घनघोर आर्थिक असमानता हो, लेकिन फिर भी आज देश की आर्थिक विकास की दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। जरूरी है कि आर्थिक विकास समतामूलक होना ही चाहिए। लेकिन यहां एक सवाल यह भी है कि क्या आर्थिक संपन्नता ही खुशी का आधार है? अगर वाकई आधार है तो क्यों आम भारतीयों के सपनों का अमेरिका पहले दस खुश देशों की सूची से बाहर है? क्यों कोई भी विकसित बड़ा राष्ट्र पहले दस खुश देशों में शामिल नहीं है? बहरहाल, वैश्विक खुशी का सूचकांक हमारे नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। सत्ताधीशों को विचार करना होगा कि आखिर आम भारतीय कैसे खुश हो सकता है। देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर शिक्षा व्यवस्था कैसे स्थापित की जा सकती हैं। देश में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, जातीय भेदभाव, निरक्षरता और आर्थिक असमानता को दूर करने की गंभीर पहल तो होनी ही चाहिए। बेरोजगारी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की जरूरत है। महिलाओं को सशक्त बनाकर अर्थव्यवस्था में उनकी बड़ी भूमिका निर्धारित की जानी चाहिए। लोगों का देश की कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा बने, ऐसी नीतियों को क्रियान्वित करने की जरूरत है। कोशिश होनी चाहिए कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े। सत्ताधीशों की विश्वसनीयता बने और संवैधानिक संस्थाओं को मजबूती प्रदान की जाए। यदि ऐसा होता है तो देश में खुशी के सूचकांक में सुधार संभव है। भारतीय सामाजिक तानेबाने की अपनी विशेषताएं रही हैं। उसे वैश्विक मंच पर मान्यता दिलाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि भारतीय वृद्धों में जीवन के प्रति संतुष्टि का स्तर ऊंचा है। इसका आधार भारतीय जीवन मूल्यों की मजबूती भी है।

# यूपी में पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशी

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव की तस्वीर साफ हो गईं है। नामांकन के आखिरी दिन चार उमीदवारों ने नाम वापस ले लिया। अब 80 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। चार प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया जिसमें सहारनपुर से दो, कैराना व मुरादाबाद से एक-एक प्रत्याशी शामिल हैं। कैराना में सबसे अधिक 14 व सबसे कम छह-छह प्रत्याशी नगीना व रामपुर लोकसभा सीट में बचे हैं। मालूम हो कि पहले चरण के चुनाव में 30 मार्च को नाम वापसी का अंतिम दिन था। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा।

यूपी की जिन 8 सीटों पर प्रथम चरण में वोटिंग होगी। इसमें रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल है। इन 8 लोकसभा सभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है, क्योंकि वरुण गांधी का पत्ता बीजेपी ने साफ कर दिया है और कुछ साल पहले कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लेकिन बात अगर राजनीति की करें तो यह क्षेत्र मेनका और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां से कुर्मी बिरादरी पर दांव लगाया है, सपा ने भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। दूसरी सीट बिजनौर की है। बिजनौर से एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर आरएलडी के प्रत्याशी चंदन चौहान हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने दीपक सैनी को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा ने यहां जाट प्रत्याशी चौधरी वीरेंद्र सिंह को दिया है। बीजेपी ने गुर्जर बसपा ने जाट और समाजवादी पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं। आरएलडी को इस गठबंधन में दी गई दो सीटों में एक सीट बिजनौर की है। बिजनौर लोकसभा के इतिहास की बात करें तो राम मंदिर आंदोलन के बाद से यानी 1991 से अब तक भारतीय जनता पार्टी चार बार इस सीट पर अपना कब्जा जमा चुकी है। जबकि इस बीच में समाजवादी पार्टी दो बार रालोद एक बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुका है और वर्तमान में इस सीट पर बसपा का कब्जा है. जिसके सांसद मलूक नागर हैं। तीसरी सीट नगीना इसलिए खास है क्योंकि चंद्रशेखर आज़ाद रावण यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं। वो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। बीजेपी ने ओम कुमार तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है. नगीना लोकसभा सीट सुरक्षित सीट है। हालांकि यह सीट सुरक्षित सीट है, लेकिन इस सीट पर मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। करीब साढ़े 7 लाख वोटर इसमें मुसलमान है. दलित वोटर की संख्या लगभग साढे चार लाख के आसपास है. 2009 में यह सीट अस्तित्व में आई और इस पर पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह पहली बार विजय हुए थे। उसके बाद 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद यशवंत सिंह ने सपा प्रत्याशी को हराकर इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था। जबकि 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के गठबंधन के चलते बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गिरीश चंद्र इस सीट पर विजय रहे जो वर्तमान में इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।




**तीसरी सीट नगीना इसलिए खास है क्योंकि चंद्रशेखर आज़ाद रावण यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं। वो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। बीजेपी ने ओम कुमार तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। नगीना लोकसभा सीट सुरक्षित सीट है।**

कैराना-ये इलाका हिन्दू और मुसलमान गुजर बहुल माना जाता है, सपा ने इकरा हसन को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो बीजेपी ने प्रदीप चौधरी को। दोनों गुजर हैं, लेकिन अब यहां की सियासत में बिरादरी से बड़ा धर्म का झोल है। चौथी सीट कैराना लोकसभा में पांच विधानसभा मौजूद है। जिसमें कैराना, शामली, थाना भवन नुकुड और गंगोह विधानसभा सीट है। कैराना लोकसभा में जातीय समीकरण की बात करें तो यहाँ पर सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं। जिनकी संख्या करीब 5-45 लाख के आसपास है। 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उस दौरान यहां पर भाजपा कैंडिडेट ने करीब 75000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी।

पांचवी सीट सहारनपुर से समाजवादी पार्टी ने इमरान मसूद को तो बीजेपी ने राघव लखन पाल को मैदान में उतारा है। सहारनपुर लोकसभा सीट कई मायनों में सभी राजनीतिक दलों के लिए अहम मानी जाती है। सहारनपुर सीट पर सबसे पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था और तभी से यह सीट कांग्रेस का गढ़ बन गयी। 1952 से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी का कब्जा रहा। दो बार की हार के बाद 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर यंहा पर बाज़ी मारी थी। 1996 के बाद सहारनपुर सीट दो बार भारतीय जनता पार्टी, दो बार बहुजन समाज पार्टी, एक बार समाजवादी पार्टी और फिर 2014 में मोदी लहर के चलते 16 साल बाद यह सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई थी। इससे पहले भाजपा 1998 में इस सीट से चुनाव जीती थी। लेकिन 2019 के चुनाव में इस सीट पर एक बार फिर बसपा ने कब्जा कर लिया। 2019 में सहारनपुर लोकसभा सीट से महागठबंधन से प्रत्याशी बने बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 वोट पाकर जीत दर्ज की।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राघव लखनपाल को 22,417 वोटों से हरा कर इस सीट पर अपना परचम लहराया और इस सीट से लोकसभा सांसद बने। इस लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम वोट निर्णायक रहते हैं, जो इसे राजनीतिक दलों के लिए अहम बनाता है। छठी सीट मुरादाबाद पर आज़म खान की जिद् ने अखिलेश को मुरादाबाद में अपना प्रत्याशी बदलने पर मजबूर कर दिया है, एसटी हसन की जगह सपा ने अब रुचिवीरा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि बीजेपी ने फिर कुंवर सर्वेश सिंह पर अपना दाँव लगाया है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण लोकसभा है। पीतल हस्तशिल्प उद्योग के कारण पीतल-नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद लोकसभा की बात करें तो उसमे कुल 5 विधानसभा आती हैं। मौजूदा सांसद डॉ एसटी हसन समाजवादी पार्टी से मुरादाबाद लोकसभा के सांसद हैं, हालांकि मुरादाबाद का इतिहास रहा है कि यहां हर लोकसभा चुनावों में अलग पार्टी का सांसद बनता है जैसे 2019 में सपा सांसद, 2014 में भाजपा से सांसद कुंवर सर्वेश सिंह, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मोहम्मद अजरूद्दीन सांसद रह चुके है। सातवीं सीट मुजफ्फरनगर से बीजेपी ने अपने जाट चेहरे संजीव बालियान को तीसरी बार मैदान में उतारा है तो सपा ने कांग्रेस से आये जाट नेता चौधरी हरेंद्र सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। बात उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट की करें तो यह सीट 2013 दंगे के बाद से उत्तर प्रदेश की मुख्य सीटों में गिनी जाती है। क्योंकि 2013 दंगे के बाद 2014 में जो लोकसभा के चुनाव हुए थे उसमें भारतीय जनता पार्टी ने सभी पार्टियों का एक तरफ सुपड़ा साफ कर दिया था। 2014 के इस चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने डॉक्टर संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था। बीजेपी की इस आंधी में संजीव बालियान को इस चुनाव में 653391 वोट मिले थे। जबकि दूसरे नम्बर पर रहे बसपा के प्रत्याशी कादिर राणा मात्र 252241 वोट ही मिल पाए थे। जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान ने इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी कादिर राणा को 401150 रिकॉर्ड मतों से मात दी थी।

## विचार

# दिल्ली के मुख्यमंत्री के बाद ईडी की नजर अब केरल पर

पी. श्रीकुमारन

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और आप के अन्य नेताओं के खिलाफ अपनी कार्रवाई के बाद, जिसे वह एक सफल अभियान मानता है, ने अब केरल पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं। लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसी को पता होना चाहिए कि केरल एक अलग चाय का प्याला है। उत्तर भारतीय राज्य में उसने जो रणनीति सफलतापूर्वक अपनाई है वह केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नहीं चलेगी। एजेंसी ने केरल के खिलाफ अपने अभियान में जो नवीनतम कदम उठाया है, वह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी टी. वीणा की कंपनी से जुड़े कथित मासिक भुगतान विवाद के संबंध में जांच रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करना है।

ईसीआईआरएजंसी की कोच्चि इकाई द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दायर किया गया है। यह कार्रवाई अगस्त 2003 में आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड (आईटीएसआईबी) की एक रिपोर्ट के आधार पर की गई है जिसमें कहा गया था कि उनकी कंपनी, एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को कोच्चि स्थित कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड से मासिक भुगतान के रूप में 1.72 करोड़ रुपये मिले थे। सीएमआरएल, हालांकि बदले में दी गई किसी भी सेवा का कोई सुबूत नहीं था। मासिक भुगतान मामले में कॉर्पोरेट मामलों के




मंत्रालय के तहत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसआईएफओ) द्वारा जांच चल रही है। वीणा के अलावा, सीएमआरएल और केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (केएसआईडीसी) की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिसके पास सीएमआरएल में 13.4 प्रतिशत शेयर हैं। यह उल्लेख किया जा सकता है कि फरवरी में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कंपनी के मामलों में एसएफआईओ द्वारा जांच का आदेश देने में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की कार्रवाई को चुनौती देने वाली एक्सालॉजिक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था।

ईडी का नवीनतम कदम एलडीएफ सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के आदेश पर उसके पिछले प्रयासों की निराशाजनक विफलता की पृष्ठभूमि में आया है। न केवल इस तरह के दुस्साहस विफल हो गये, बल्कि लोगों ने सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ को 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में बड़े बहुमत के साथ सत्ता में वापस लाकर एलडीएफ सरकार के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट (यूडीएफ) के

**ईडी का नवीनतम कदम एलडीएफ सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के आदेश पर उसके पिछले प्रयासों की निराशाजनक विफलता की पृष्ठभूमि में आया है। न केवल इस तरह के दुस्साहस विफल हो गये, बल्कि लोगों ने सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ को 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में बड़े बहुमत के साथ सत्ता में वापस लाकर एलडीएफ सरकार के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के अभियान का करारा जवाब दिया। निन्दा का अभियान स्पष्ट रूप से मतदान के रुझान पर कोई प्रभाव डालने में विफल रहा।**

अभियान का करारा जवाब दिया। निन्दा का अभियान स्पष्ट रूप से मतदान के रुझान पर कोई प्रभाव डालने में विफल रहा। मुख्यमंत्री की बेटी और सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य थॉमस इसाक के खिलाफ ईडी के नवीनतम कदम का समय महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहा है। यह और कुछ नहीं बल्कि घबराई हुई मोदी सरकार का एक हताश कदम है, जो चुनावी बांड मामले में हुए खुलासों के प्रतिकूल प्रभाव से जूझ रही है। लोगों का ध्यान मुद्दे से भटकाने के लिए ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। भगवा खेमा स्पष्ट रूप से सोचता है कि इस तरह के कदमों से उसे भरपूर चुनावी लाभ मिलेगा। लेकिन अगर वह ऐसा सोचता है तो यह आत्मसंतुष्टि की झूठी भावना में खोना होगा। कुछ भी हो, इस दुस्साहस का संघ परिवार और मोदी सरकार पर बुरा प्रभाव पड़ने वाला है। संकेत पहले से ही मौजूद हैं। भाजपा-आरएसएस कबीला इतना डरा हुआ क्यों है? कारण स्पष्ट हैं। नागरिक संशोधन कानून (सीएए) और चुनावी बांड मुद्दे के खिलाफ वामपंथी दलों द्वारा चलाया जा रहा अभियान लोगों के मन में बड़ा प्रभाव पैदा कर रहा है। वाम दल निस्संदेह लाभप्रद स्थिति में हैं क्योंकि वे एकमात्र ऐसे दल हैं जिन्होंने चुनावी बांड नहीं लिया है।

यह सीपीआई (एम) थी जिसने चुनावी बांड के खिलाफशीर्ष अदालत का रुख किया और एक अनुकूल फैसला जीता, जिसने मोदी सरकार की विश्वसनीयता को एक विनाशकारी झटका दिया है। यह विशेष रूप से वाम दलों के खिलाफ आक्रामक अभियान की व्याख्या करता है, और वीणा को निशाना बनाया गया है क्योंकि वह पिनाराई विजयन की बेटी हैं जो केंद्र सरकार और भाजपा-आरएसएस जोड़ी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री अपनी चुनावी रैलियों में सीएए मुद्दे और चुनावी बांड मामले का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रहे हैं, जो भगवा खेमे में निराशा उत्पन्न करते हुए भारी भीड़ को आकर्षित कर रहा है। थॉमस इसाक को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड (केआईआईएफबी) फंड द्वारा मसाला बांड के मुद्दे की जांच के संबंध में उन्हें श्ठीकश् करने के ईडी के प्रयासों का सफलतापूर्वक विरोध कर रहे हैं। ईडी इसहाक को एक के बाद एक समन जारी करने में व्यस्त है और वह बार-बार इससे पल्ला झाड़ रहे हैं। केरल के पूर्व वित्त मंत्री ने समन को अवैध और मनमाना बताते हुए ईडी के कदम का विरोध किया था। अपनी ओर से, केरल के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों को डराने-धमकाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने अपने दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी जिक्र करते हुए कहा कि इसे पहली या आखिरी गिरफ्तारी नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र खतरे में है और समय की मांग है कि हम अपनी पूरी ताकत से इसकी रक्षा करें। सीपीआई (एम) नेता एकजुट हो गये हैं और केरल के मुख्यमंत्री को पूर्ण समर्थन मिल रहा है। अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने कहा कि ईडी का कदम केरल में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन की मदद करने के लिए है, जो पिनाराई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश की मोहन सरकार का ठोस प्रहार


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश की मोहन सरकार शांति से मतदान सम्पन्न हों, इसके लिए अपने अथक प्रयास करती हुए नजर आ रही है, जिसमें कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों से लगे सीमावर्ती जिलों में नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई शुरू है। इसी का यह परिणाम है कि मध्य प्रदेश में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर उन्हें राज्य छोड़कर भागना पड़ रहा है।

ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेरसिंह भी मारा गया है। रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए थे। इस मुठभेड़ में कुछ नक्सली बुरी तरह से घायल हुए थे। जो सामान कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम के हाथ लगा, सूचनाओं के नजरिए से फोर्स के लिए वह बहुत काम का साबित हुआ है। इसी प्रकार से डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार के गठन के वक्त भी एक बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान भी नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाने में फोर्स को सफलता मिली थी। मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 लाख रुपये के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (32) को मार गिराया था। हिड़मा, एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था। हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है। वह पुलिस बल पर हमले की विभिन्न घटनाओं में शामिल रहा है। नक्सली हिड़मा का भाई सीतु मड़काम उर्फ सीतु मुचाकी माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय प्लाटून नंबर 13 का डिप्टी कमांडर है।माओवाद के विस्तार के लिए इसे दो वर्ष पूर्व एमएमसी जोन में भेजे जाने की सूचनाएं आत्मसमर्पित नक्सलियों से पूछताछ के परिणाम स्वरूप सामने आई थीं।

आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सल उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों की स्थानीय आम नागरिकों के सहयोग से बड़ी सफलता मिल रही है। इसी का परिणाम रहा जो पिछले वर्ष 2023 में तीन बड़ी कार्रवाइयां पूरी तरह से सफल रहीं। इन कार्रवाइयों में हॉकफोर्स ने दो महिला नक्सलियों सहित चार हार्डकोर नक्सलियों को धराशायी किया जा सका था। इन सभी नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 14-14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इससे पहले अप्रैल में हुई कदला मुठभेड़ में महिला नक्सली सरिता तथा सुनीता, कुंदुल-कोद्दापार जंगल क्षेत्र में सितंबर में हुई नक्सली कमलू को भी धराशायी किया जा चुका है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पुलिस ने जबलपुर शहर से नार्थ बस्तर तथा आरकेबी डिविजन की मास संगठन का प्रभारी एसजेडसीएम अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव को उसकी पत्नी एसीएम रेमती के साथ गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है।

मध्य प्रदेश में पछले कुछ सालों के दौरान मुठभेड़ के दौरान 17 हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं। इनमें नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कई करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। राज्य पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध जो आक्रामक रणनीति अपनाई गई तथा सूचना आधारित अभियानों द्वारा टांडा दलम तथा दर्रेकसा दलम के नक्सलियों को धराशायी करना जारी रखा है, उससे इस वक्त नक्सलवाद की कमर टूटना जारी है। कहना होगा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के सख्त निर्देश अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति एवं पुलिस के नक्सल समापन के अभियान का ही यह असर है कि राज्य में नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं या फिर भाग रहे हैं। जिन्हें लग रहा है कि वे बचेंगे नहीं, ऐसे कई नक्सली आगे से आकर पुलिस के समक्ष इन दिनों आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ट्राइ जंक्शन क्षेत्र में नक्सलियों की कमर तोड़ दी गई है। मध्यप्रदेश पुलिस के लगातार प्रयासों और अभियानों से नक्सली बैकफुट पर हैं। इसके लिए निश्चित ही प्रदेश की भाजपा सरकार को श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र पर पूरी तरह अमल करती हुई दिखाई दे रही है। नक्सलवाद का खात्मा करना उसके संकल्प पत्र का ही एक प्रमुख कार्य है।



## राशिफल

**मेष:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**वृषभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतणरख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**मीन:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

# पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत

पीएचडी करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी खबर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी।

नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी।

यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं।

**तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाणपत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है।**

तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाणपत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा। यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन- एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी का मानना है, छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है। जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का। आत्मविश्वास से लबरेज यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार कहते हैं, यह बदलाव निःसंदेह देश में शैक्षणिक खोज और विद्वतापूर्ण उन्नति के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में अनमोल योगदान देगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कचहरी में किया जोरदार जनसंपर्क

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

- जनसंपर्क के दौरान गूंजता रहा अधिवक्ताओं ने ठाना है इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताना है का नारा

इंडिया गठबंधन से 54 लोकसभा फैजाबाद प्रत्याशी पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क किया।समाजवादी अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष शावेज जाफरी के नेतृत्व में अयोध्या से गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का अयोध्या कचहरी भ्रमण व अधिवक्ताओं से शेड वार भेट का कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष व कार्यकारिणी से भेंट कर लोकसभा के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने समर्थन मांगा।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री व विधायक श्री प्रसाद ने कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं का आशीर्वाद लेते हुए सभी से अपील किया कि आने वाली लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी से भारी मतो से जिताए जिससे पूर्व मुख्यमंत्री/समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बन सके।आने वाली लोकसभा का चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है तथा संविधान बचाने का काम अधिवक्ता साथी ही कर सकते हैं। किसान,मजदूर,बेरोजगार तथा महिलाएं सभी की उम्मीदें इंडिया गठबंधन से है।इस उम्मीद को पूरा करने के लिए अधिवक्ता साथियों की अहम भूमिका है तथा अधिवक्ताओं द्वारा ही आने वाले लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन व अखिलेश यादव के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बन सकती है?।समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष श्री जाफरी ने अधिवक्ताओं से अपील किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पूर्व मंत्री व विधायक श्री प्रसाद को अधिक संख्या में वोट देकर विजयी बनाएं जिससे केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में बन सके तथा सभी



अधिवक्ता साथियों का धन्यवाद व्यक्त किया।समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला प्रवक्ता विजय कुमार यादव ने बताया कि आज कचहरी परिसर अयोध्या में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद का भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी श्री प्रसाद को आशीर्वाद व सम्मान दिया।उन्होंने कहा कि जिला समाजवादी अधिवक्ता सभा की सक्रियता से बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं का जुड़ाव तेजी से समाजवादी पार्टी से हुआ है।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, समाजवादी पार्टी जिलाअध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से अधिवक्ताओं से लोकसभा चुनाव के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री प्रसाद को जिताने की अपील की।इस मुख्य रूप से प्रदेश सचिन छेदी सिंह छोटे लाल यादव मो हलीम पप्पू बलराम मौर्य महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम चौधरी बलराम यादव ललित यादव ओ पी पासवान आकिब खान मंसूर इलाही संजय सिंह श्री चंद यादव सरोज यादव अपर्णा जायसवाल गौरव पांडेय महंत अनिल मिश्रा गणेश दत्त पांडेय प्रदीप चौबे अभय त्रिवेदी योगेंद्र प्रताप यादव योगी बृजेश यादव सूर्यभान यादव बंसी लाल यादव अधिवक्ता अवधेश यादव ,लाल बहादुर शुक्ला,मंदीप सिंह, दूधनाथ यादव,कपिंजल निषाद,शिवदयाल दयावान, अवधेश सिंह,धर्मेंद्र यादव,जितेंद्र प्रजापति,आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता अनिल प्रजापति,ओ.पी.राव,विजय प्रताप यादव,संतराम यादव, सतीश वर्मा,आफताब खान, राकेश गौतम अशोक गुप्ता सहज राम रामकरण यादव शिवेंद्र सिंह राजपूत दिलीप वर्मा सुरेंद्र भारती गरिमा यादव नेहा यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच माह काम करा कर पैसा न देने पर पीड़ित ने एसपी दरबार में लगाई फरियाद

- रोजी-रोटी का संकट है संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज कर पैसा दिलाने की लगाई गुहार

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



चुर्क स्थित पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को राम प्रसाद पुत्र समई निवासी ग्राम-खरहरा, टोला-अमिला, थाना-जुगैल, के अगुवाई में दर्जनों पीड़ित ग्रामीणों ने पहुंचकर पीड़ित के खिलाफ विरोध जताते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र दे कर मामले में जांच कर कर पैसा दिलाए जाने की गुहार लगाई। वही अखिलेश, बाबूलाल, प्रहलाद, वीरेंद्र,ललित ,राम प्रशाद,जितेंद्र,दादू लाल ,सुरेन्द,विजय

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि प्रार्थी नाम व पते उपरोक्त का निवासी है तथा अनुसूचित जनजाति (वैगा) आदिवासी है। प्रार्थी के ग्रामवासी लोरिक यादव पुत्र राजकुमार यादव प्रार्थी से काम दिलवाने की बात कर कहा कि मु0-दस हजार/- रू0 प्रतिमाह पर शांति फीड्स प्राइवेट लिमिटेड (चिकन प्रोसेसिंग यूनिट) अथिमराथुवलासु पलानी तालुक, जनपद-डिंडीगुल तमिलनाडु में काम लगवा दूँगा। लोरिक यादव ने प्रार्थी को जून 2023 में उक्त कम्पनी में भेज कर काम पर लगवा दिया। कम्पनी में लोरिक यादव का भाई चन्दन यादव पुत्र राजकुमार यादव हम प्रार्थी का मेठ था। पाँच महीने काम करने के उपरान्त हम प्रार्थी ने कम्पनी वालों से अपनी तनखाह के लिए कहा तो कम्पनी वालों ने हम प्रार्थी को पाँच महीने का भुगतान कर दिया, पुनः करीब एक महीने काम करने के उपरान्त प्रार्थी ने अपनी तनखाह की मांग करते हुए घर जाने की बात कहा तो कम्पनी वालों ने कहा कि लोरिक यादव 3 महीने का एडवांस पैसा ले चुका है। तुमको 3 महीने काम करना पड़ेगा। प्रार्थी ने जब कम्पनी वालों से कहाँ कि हमे पैसा नहीं मिला है हम काम नहीं करेगें तो कम्पनी में प्रार्थी से गाली-गलौज और मार पीट किया गया और जबरिया तीन महीने तक बिना तनखाह के काम कराया गया। तीन महीने बितने के उपरान्त प्रार्थी किसी प्रकार अपने गाँव आया और लोरिक यादव से मिलकर पुरी बात पुछा तो लोरिक यादव आग बबूला हो गये, और कहने लगे कि साले वैगा भोषड़ी के सही सलामत घर आ गये हो किसी से शिकायत किया तो साले गाड़ी से दबा कर जान से मार दूँगा। प्रार्थी ने घटना की सूचना थाना-जुगैल को दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रार्थी आप महोदय को सूचना दे रहा है। प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखाकर कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

# निर्वाचन की प्राथमिकता के साथ-साथ इसेंशियल दायित्व निभाने को देंगे प्रमुखता: द्विवेदी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

- परियोजना अधिकारी ने लिया मुख्य विकास अधिकारी का प्रभार
- गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्थाएं और गौशालाओं के लिए दिए दिशा निर्देश

**भीम जी** उपाध्याय मुख्य विकास अधिकारी के सेवानिवृत होने के पश्चात अब इस कुर्सी की जिम्मेदारी परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी ने सोमवार को बतौर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी पदभार ग्रहण कर लिया। मंगलवार को अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं के साथ-साथ आगामी रणनीति का भी खुलासा करते हुए बताया कि सन्निकट लोकसभा चुनाव के निर्वाचन की जिम्मेदारी को निभाना उनके लिए प्राथमिकता तो रहेगी ही साथ ही वह अपने दायित्व से जुड़े जो भी इ सेंशियल काम है उन्हें पूरी शिद्दत के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

अनौपचारिक वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन कार्य उनकी प्राथमिकता है और वह इस दायित्व का निर्वहन शासन और प्रशासन की मनसा अनुसार पूरी शिद्दत के साथ करेंगे निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है और संबंधित सभी विभागीय अमलो को जो भी आवश्यक जिम्मेदारियां



सौंपी गई है उनके संपादन बेहतर ढंग से कुशलता पूर्वक संपन्न कराया जा सके। इसके लिए जो भी आवश्यक कदम जरूरी है इस संबंध में समस्त विभागीय कर्मचारी को दिशा निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन के अलावा वह काम जो आम जनमानस से जुड़े हैं उन्हें भी वह प्राथमिकता मानकर ही चलेंगे। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाए रखना वहां छाया और जल का प्रबंध के अलावा गायों के लिए हरे चारे आदि व्यवस्थाओं को वह बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक कदम है वह उठाएंगे। उन्होंने 200 हेक्टेयर भूमि में नेपियर ग्रास को तैयार कराए जाने पर बल देते हुए कहा कि वह जल्दी ही इस बारे में संबंधित अधिनयस्थों की बैठक आयोजित कर रणनीति तय करने के दिशा निर्देश जारी करेंगे ताकि गर्मी की इस भीषणता में गौशालाओं में रहने वाली गायों को किसी भी तरह से भोजन पानी और गर्मी की समस्या से न जूझना पड़े आम जनमानस के लिए भी पेय जल आदि को लेकर भी उनका इस दिशा में प्राथमिकता के तौर पर ही ध्यान रहेगा ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पीने के पानी के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# गन्ना समिति उतरौला में किसानों के उपयोग के लिए मंगाया गया रिंग पीटर,ट्रेंच विधि मशीन



**उतरौला,बलरामपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, उतरौला के फार्म मशीनरी बैंक में कृषक भाइयों के उपभोग हेतु गन्ने की वैज्ञानिक खेती से संबंधित तीन नए यंत्र यथा रिंगपिट डिगर, ट्रेंच प्लांटर एवं पावर स्प्रेयर मंगाया गया है। पूर्व से फार्म मशीनरी बैंक में एक 55 हॉर्स पावर का ट्रैक्टर, 6 फीट मल्चर, 7 फीट मल्चर रैटून मैनेजमेंट डिवाइस एवं गहरी जुताई हेतु एम0 बी0 पलाऊ यंत्र उपलब्ध था। ये समस्त यंत्र कृषक बन्धु को न्यूनतम किराये पर उपलब्ध कराया जाता है। विस्तृत जानकारी हेतु अपने सर्किल के राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क करें।

## खबरें एक नजर में

### पहले साथ बैठकर पी शराब बाद में दोनों में हुई हाथापाई

**जालौन (उरई)।** शराब पीकर आपस में झगड़ा कर रहे दो लोगों के बीच हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भाग निकला। जबकि दूसरे के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी अवधेश व पंकज ने सोमवार की रात साथ में बैठकर शराब पी। शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा होने लगा। झगड़े के दौरान दोनों गाली, गलौज व मारपीट करने लगे। शराब के नशे में दो लोगों के बीच हो रही मारपीट को देखकर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर पंकज मौके से भाग निकला जबकि पकड़ में आए अवधेश के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई की है।

### कुठौंद में एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

**कुठौंद (जालौन)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व आईटीबीपी जवानों ने कुठौंद कस्बे में सडकों पर उतरकर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत पुलिस व प्रशासन लगातार सख्ती बनाए हुए है। कुठौंद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों को चेताते हुए एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह के नेतृत्व में कुठौंद थाना पुलिस व आईटीबीपी के जवान कस्बे की सड़कों पर उतरे। थाना परिसर से पैदल गश्त करते हुए अधिकारी व जवान बस स्टैंड, माधौगढ़ चौराहा, औरैया रोड बाजार व कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर थाना पहुंचे। इस दौरान लोगों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। एसडीएम अतुल कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया के साथ ही अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है तो तत्काल उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नये शिक्षण सत्र में भी परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों का नहीं बदला रवैया

**कालपी (जालौन)।** शिक्षा विभाग के नये सत्र की शुरूआत हो गई है लेकिन नगर स्थित परिषदीय विद्यालयो में शिक्षण व्यवस्था में सुधार नही है। मंगलवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय में महज 3 छात्राएं मौजूद रही जबकि यहा पर शिक्षक के साथ एक शिक्षामित्र भी तैनात है। शासन परिषदीय स्कूलों में बदलाव की कोशिश में है जिसके लिए विद्यालयों में तमाम प्रकार की व्यवस्थाएं की जा रही है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को आधुनिक शिक्षा देने के लिए स्कूलो के साथ शिक्षकों को भी तकनीक से युक्त किया जा रहा है जिसके लिए शिक्षको को टैबलेट भी दिए गए हैं जिससे वह विभागीय कामकाज के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सके। इतने ही नहीं विभाग ने सत्र के शुरूआत में ही पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण शुरू कर दिया है जिससे वह समय से पढ़ाई शुरू कर सके लेकिन यहा तैनात शिक्षक विभाग की मंशा पर खरा नही उतर रहे हैं आलम यह है कि विद्यालयों में उपस्थिति ठीक नहीं है। मंगलवार को सदर बाजार स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में महज 3 छात्राए उपस्थिति थी जिन्हें शिक्षा मित्र ने बैठा रखा था और यहां तैनात शिक्षिका पूर्णिमा रायकवार मौजूद नहीं थी जो शायद विद्यालय से महज कुछ दूर स्थित अपने आवास में मौजूद थी। एबीएसए सुनील राजपूत के अनुसार वह विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था के साथ शिक्षकों की उपस्थिति पर भी नजर रख रहे हैं जिसके क्रम में उन्होंने मंगलवार को नगर के 5 विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया है। अगर बच्चों की उपस्थिति कम थी और शिक्षिका मौजूद नहीं थी तो वह जांच कर कार्यवाही करेंगे।

### एआरटीओ ने चेकिंग अभियान में टूरिस्ट बस ऑटो, कार व जेसीबी मशीन पकड़ी

**जालौन (उरई)।** ओवरलोड व डग्गामार वाहनों के लगातार संचालन होने पर सक्रिय हुए परिवहन विभाग ने अभियान चलाया। एआरटीओ के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में टूरिस्ट बस, ऑटो, कार व जेसीबी मशीन को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। परिवहन विभाग पकड़े गए वाहनों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर रहा है। उरई-जालौन, जालौन-बंगरा, जालौन-औरैया, जालौन-कोंच मार्ग पर धड़ल्ले से ओवरलोड व डग्गामार वाहन दौड़ रहे हैं। डग्गामार व ओवरलोड वाहन आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। प्रशासन कभी कभार कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। दो दिन पूर्व एसडीएम ने भी नंबर मिटाकर चल रहे ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा था। प्रशासनिक अधिकारियों की कार्रवाई से परिवहन विभाग को झटका लगा था। इसके बाद सक्रिय हुए एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक टूरिस्ट बस, मिट्टी के अवैध कारोबार में लगी जेसीबी मशीन, दो ऑटो व एक कार को पकड़ लिया है। पकड़े गये वाहन चालकों से टीम ने आवश्यक कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। आवश्यक कागजात न होने पर परिवहन विभाग की टीम ने सभी वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गये वाहनों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

### चालीस लीटर कच्ची शराब ले जाता युवक गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से नाजायज शराब का नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सक्रियता से कदम उठाए जा रहे है। एक बार फिर एक युवक को भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने खैरी गौशाला के पास घेराबंदी करके आरोपी युवक महेश कुमार पुत्र संतोष कुमार थाना कालपी को नाजायज 40 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि युवक के खिलाफपुलिस आबकारी अधिनियम 60 के अंतर्गत मुकदमे दर्ज करके चालान कर दिया है।

### 330 ग्राम गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** बीती रात को स्थानीय नगर में नाजायज तरीके से गांजा लेकर घूम रहे युवक को स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह तथा सिपाही अभिषेक सिंह मुख्य बाजार में गस्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह ने आलमपुर बाईपास तिराहे में घेराबंदी करके आरोपी युवक रोहित कुमार पुत्र हरगोविंद निवासी ग्राम पुरैनी थाना भोगनीपुर कानपुर देहात को दबोच लिया।

# नगर में प्रभात फेरी निकाल कर मतदान करने को किया गया जागरूक

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में मंगलवार को विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा गत चुनावो में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले समस्त चिन्हांकित बूथों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान का आज जनपद के समस्त ब्लॉको में शुभारंभ किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आर पी यादव द्वय के निर्देशन में आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के विद्यार्थियों द्वारा प्रातः काल नगर के चौराहों व मुख्य मार्गो से होकर प्रभात फेरी निकाली गई ।इस दौरान जन सामान्य को मतदान हेतु जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुशवाहा जी द्वारा छात्रों में विशेष जागरूकता हेतु चित्रकला , रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज विद्यालय परिवार के शिक्षकों पंकज पांडे , अमरेंद्र सिंह, महेंद्र यादव , शिवमणि मैम एवं डॉ0 मंजू सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जय ज्योति इंटर कॉलेज चुर्क में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय एवं अमिता पांडेय (प्रधानाचार्य) की अगवाई में मतदाता जागरूकता हेतु स्कूल रैली एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व जन सामान्य को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई । खंड शिक्षा अधिकारी रॉबर्ट्सगंज धनंजय कुमार सिंह जी के नेतृत्व में विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय कम्हारी में प्रधानाध्यापिका इंदु विक्रम, मनोरमा देवी, विनोद पांडे एवं अमित कुमार एवं प्राथमिक विद्यालय रॉबर्ट्सगंज द्वितीय में प्रधानाध्यापिका सुषमा सिंह , सुशील कुमार सिंह आनंदित सिंह अर्चना त्रिपाठी सहित विद्यार्थियों द्वारा स्कूल रैली निकाली गई।

# डीएम के हस्ताक्षर करते ही जिले के पांच थारू ग्रामों के भाई-बहनों का 75 वर्षों का इंतजार ख़त्म, अधिसूचना जारी

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

- जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से पांच थारू ग्रामों के लोगों को मिलेगा भूमि अधिकार, होगी अपनी खतौनी, जल्द तैयार होगा बन्दोबस्त

**आजादी** के पचहत्तर सालों बाद जिले के पांच थारू ग्रामों के भाई बहनों का वनवास खत्म होने जा रहा है। पांचों ग्रामों के थारू भाई बहन अब मुख्य धारा में आ जाएंगे और उन्हें जल्द ही भूमि का अधिकार सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बताते चलें कि जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने तहसील तुलसीपुर अन्तर्गत पांच थारू ग्रामों बड़का भुकुरूवा, छोटका भुकुरूवा (भवानीपुर), कंचनपुर, भरिहवा तथा अकलघरवा में धारा-4(2) के तहत चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए विगत माह से शासन स्तर पर प्रयास शुरू किए थे। सफलता मिलने के बाद डीएम अरविंद सिंह ने अधिसूचना पर हस्ताक्षर कर चकबन्दी अधिकारी को आदेश जारी कर दिये हैं तथा एसडीएम तुलसीपुर को समस्त राजस्व अभिलेख चकबन्दी विभाग को हस्तगत करने के आदेश दिए हैं। बताते चलें कि आजादी के 75 साल बाद भी इन पांचों थारू ग्रामों में कभी भी चकबन्दी नहीं हुई जिसके कारण यहां के लोग भूमि अधिकारों तथा तमाम योजनाओं से वंचित रहे। थारू जनजाति की विशेष पहचान एवं ऐतिहासिक धरोहरों वाले जनपद में पांचों ग्रामों के लोग मूल सुविधाओ से वंचित रहे। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने एक ओर जहां जनपद में बड़े प्रोजेक्ट्स पर फोकस किया तो वहीं दूसरी ओर अति पिछड़े जनपद का दंश झेल रहे जिले में थारू जनजाति के उत्थान के लिए भी विशेष प्रयास विगत दिनों में शुरू किये। जिसके परिणाम स्वरूप चकबन्दी आयुक्त द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए पांचों ग्रामों मे चकबन्दी कराने का आदेश निर्गत कर दिया जिसके क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने अपने हस्ताक्षर से चकबन्दी बन्दोबस्त अधिकारी को चकबन्दी प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने तथा एसडीएम तुलसीपुर को आदेश दिए हैं कि वे पांचों ग्रामों के राजस्व अभिलेख चकबन्दी विभाग को तत्काल उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी सिंह ने पांचों ग्रामों में निवास करने वाले थारू जनजाति परिवारों को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिकार मिलने के बाद थारू जनजाति के लोग समाज की मुख्य धारा, विकासपरक व जनकल्याणकारी तथा लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित होगें जिससे इन ग्रामों के लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो सकेंगीं और उनका सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक स्तर सुधरेगा। उल्लेखनीय है कि डीएम अरविन्द सिंह न सिर्फ मुख्य धारा के लिए विश्व विद्यालय, रिंग रोड, रेलवे ओवर ब्रिज, टूरिज्म के लिए काम कर रहे हैं बल्कि अपने प्रिय थारु भाइयों-बहनों, माताओ के लिए भी हृदय से उनके सर्वांगीण विकास के किये समर्पित हैं। जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने बताया कि वे लोक सभा चुनाव के बाद थारु एरिया में स्वयं कैम्प करेंगे और परीक्षण करेंगे कि सरकार की सभी सुविधाएं थारु भाई बहन और माताओं को मिलें। जिलाधिकारी श्री सिंह ने सचेत किया है वन विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग और अन्य कानून प्रवर्तन एजेन्सीज द्वारा यदि छोटे-छोटे मामलों में थारु लोगों को अनावश्यक परेशान किया गया और उनके पौराणिक रीति रिवाज में जान बूझ कर परेशान करने की नीयत या वसूली करने की नीयत से चलानी काटी गयी तथा इसकी पुष्टि डीएम को अगर अपनी गोपनीय जांच में मिलती है तो उन अधिकारियों-कर्मचारियों या प्राइवेट माफिया पर कानून के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**बैठक** — चैत नवरात्रि पर लगने वाले देवीपाटन मेला सुचारू,भव्य रूप से संपन्न कराए जाने हेतु बैठक संपन्न

# ‘सभी तैयारियों को पूर्ण करते हुए बेहतर सामंजस्य के साथ संपन्न कराए अब तक का सबसे भव्य मेला’

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

- इस वर्ष के देवीपाटन मेलें में पिछले वर्षो की तुलना में 03 गुना श्रद्धालुओ के आने की संभावना,इसे सुनहरा अवसर के तौर पर ले अधिकारी, संपन्न कराए भव्य मेला: डीएम
- डीएम के विशेष प्रयासों से राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त देवीपाटन मेल को मिलने वाले बजट में हुई डेढ़ गुना वृद्धि, मेला स्पेशल एसडीएम भी हुए शासन से नियुक्त, डीएम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित होगा भव्य मेला

**9 अप्रैल** से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि मेल को सुचारू एवं भव्य रूप से संपन्न कराए जाने हेतु महंत देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी, आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र,डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सुचारू एवं भव्य रूप से चैत्र नवरात्रि के मौके पर लगने वाले देवीपाटन मेल को संपन्न कराए जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सड़कों की कनेक्टिविटी, प्रकाश की व्यवस्था, सुलभ शौचालय की व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्ण की गई तैयारीयो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरा देवीपाटन मंदिर परिसर 2 जोन एवं 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जून का प्रभारी क्षेत्राधिकार एवं सेक्टर का प्रभारी इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारियों को बनाया गया है। मेले में पर्याप्त पुलिस बल की तनाती की जाएगी। पूरे मेले में 64 सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से प्रत्येक मार्ग किनारो की निगरानी की जाएगी। बैठक में डीएम सिंह ने कहा कि इस वर्ष फसल जल्दी कटने, श्रीरामलला से मां पाटेश्वरी धाम की कनेक्टिविटी बेहतर होने से पिछले वर्षो की तुलना में तीन गुना श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी तीन गुना क्षमता के साथ अपनी तैयारी पूर्ण करें। सभी इसे एक सुनहरे अवसर के रूप में ले , अपने कार्य क्षमता का बेहतर उपयोग करते हुए भव्य रूप से मेले को संपन्न कराए । उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि पर तृतीया, पंचमी एवं अष्टमी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसके लिए आवश्यक है कि यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था ,साफ सफाई की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था अत्यंत चुस्त दुरुस्त रखी जाए। पंचमी के दिन पीर रतन बाबा से निकलने वाले शोभायात्रा को लेकर भी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले। मेले को सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडलकारी तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीएम ने अपील किया कि देवीपाटन मेले में श्रद्धालु ट्रैक्टर एवं ट्राली से कदापि न आए, ट्रैक्टर ट्राली से हादसों की संभावना बनी रहती है। मां पाटेश्वरी का दर्शन करने वाले श्रद्धालु सुरक्षित वाहनों से आए एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। राजकीय मेला देवीपाटन मेल को भव्य रूप मिले इसके लिए डीएम श्री सिंह द्वारा विशेष प्रयास किए गए जिसके फलस्वरुप शासन द्वारा राजकीय मेला देवीपाटन मेले के बजट में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मां पाटेश्वरी के आशीर्वाद के साथ-साथ उनकी भव्यता का भी एहसास होगा। डीएम सिंह के शासन स्तर से निरंतर पत्राचार एवं विशेष प्रयासों से शान द्वारा मेला स्पेशल एसडीएम नियुक्त किया गया है। बैठक में आयुक्त देवीपाटन मंडल ने कहा कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण कर ले।

जनपद की अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के दृष्टिगत नेपाल सीमा पर विशेष निगरानी रखी जाए। गर्मी के दृष्टिगत पेयजल एवं ओआरएस घोल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी प्रमुख मार्गो के एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे आज भी लगाया जाए। सभी अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ अब तक का सबसे भव्य मेला संपन्न कराए। इस अवसर पर महंत देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी जी द्वारा तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, निर्माण खंड, डीपीआरओ, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा 400 पार जीतेगी नहीं, बल्कि 400 सीटों पर हारेगीः अखिलेश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- कन्नौज कभी अपनी सुगंध के लिए जाना जाता था, लेकिन अब सांसद की करतूतों की वजह से जाना जा रहा है
- अखिलेश ने कहा-: ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का दबाव बनाकर जो चंदा वसूला है उसके खिलाफ चुनाव होने जा रहा है
- कन्नौज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पर बोला हमला



**मंगलवार को** कन्नौज पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि इस बार चुनाव चंदा वसूली के खिलाफ होने जा रहा है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का दबाव बनाकर जो चंदा वसूला है उसके खिलाफ होने जा रहा है। उन्होंने कहा, बुलंदशहर में डबल मर्डर हो गए, क्या ये भाजपा का जीरो टॉलरेंस है? किसी की गाड़ी पलट जाती है, तो किसी को जेल में जहर दे दिया जाता है, क्या ये भाजपा का जीरो टॉलरेंस है। कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि हम विश्व गुरु बनेंगे। वहीं दूसरी ओर बेरोजगारी के चलते नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। पेपर लीक होने के कारण उत्तर प्रदेश के 60 लाख युवा प्रभावित हुए। ईडी और दूसरी सरकारी संस्थाओं को भी वसूली के काम में लगा दिया गया है। इसी वजह से दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया। ये भाजपा की हताशा और निराशा का परिणाम है। श्री यादव ने कहा कि इस बार भाजपाइयों की धूमधाम से विदाई होगी। भाजपा के लोग 400 पार जीतेंगे नहीं, बल्कि 400 सीटों पर हारेंगे।

मंगलवार की दोपहर कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव काफिला सबसे पहले तिर्वा रोड के धीराताल स्थित रामशंकर लोधी के आवास पहुंचा। यहां लोधी समाज के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया। यहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अखिलेश का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। पार्टी के नेताओं ने 51 किलो की माला पहनाई। यहां अखिलेश ने हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों को सम्बोधित किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव के संबोधन के दौरान कन्नौज के पूर्व सांसद छोटे सिंह ने उनको रोककर कहा कि आप बोलिए कि कन्नौज से आप चुनाव लड़ेंगे। किन्तु अखिलेश ने यह कहते हुए बात घुमा दी कि कन्नौज को छोड़ कौन रहा है। सपा मुखिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कन्नौज में समाजवादियों के विकास का मुकाबला सरकार नहीं कर पा रही है। यहां सबसे अधिक विकास कराने का काम समाजवादियों ने किया। कहा कि हमने यहां विश्व का सबसे आधुनिक काऊ मिल्क प्लांट लगाया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे बंद करवा दिया। सोलर प्लांट लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को हम लोग लेकर आए थे, जिससे किसानों को फ्री बिजली मिल रही थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे भी बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कन्नौज के विकास को रोक दिया है। कहा कि कन्नौज कभी अपनी सुगंध के लिए जाना जाता था, वह सांसद की करतूतों की वजह से जाना जा रहा है। यहां का परफ्यूम और यहां का इत्र दुनिया में प्रसिद्ध है। लाखों करोड़ का इत्र कारोबार यहां होता है। जिसको आगे ले जाने के लिए हम फ्रांस गए थे। वहां की तकनीक को देखा, जिसे कन्नौज में लागू करना था, लेकिन भाजपा सरकार ने उस पर भी पानी फेर दिया। अखिलेश ने जसोदा में अडानी ग्रुप द्वारा लगाए गये गोदाम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने वाले प्लांट सरकार ने बंद करवा दिए। बड़े-बड़े उद्योगपतियों के प्लांट चालू करवाए। हमने किसानों से सीधी फसल खरीद के लिए कन्नौज में विशिष्ट आलू मंडी बनाई थी, लेकिन भाजपा ने उसे खानापूर्ति कर बंद करवा दिया। सपा मुखिया ने कहा कि बेरोजगारी इस कदर है कि नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने कन्नौज के ग्राम भूड़पुरवा निवासी युवा ब्रजेश पाल के प्रकरण को उठाते हुए कहा कि उस युवा ने बेरोजगारी के चलते आत्महत्या कर ली। वहीं फिरोजाबाद की एक छात्रा ने पेपर लीक होने के कारण फांसी लगा ली। पेपर लीक होने से उत्तर प्रदेश के 60 लाख युवा प्रभावित हुए हैं। उन प्रभावित परिवारों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम कर लिया, तो लोकसभा सीट जीतना मुश्किल नहीं होगा। अखिलेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन और हमारा पीडीए फेमस हो गया। तब से कुछ लोग इस फेमस ब्रांड की कॉपी करने लग गए है। पीडीए की तर्ज पर एक नकली ब्रांड भी आ गया। जिससे समाजवादियों को होशियार रहना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों का आलू खरीदने में भी भाजपा सरकार पिछड़ गई। कहा कि सपा सरकार होती तो अब तक कन्नौज में आलू से शराब बनाने का कारखाना लग गया होता और किसानों की आय में वृद्धि हो जाती। उन्होंने कहा कि यूपी में एनडीए गठबंधन को 80 में से 80 सीटें हरानी हैं। यहां का हर किसान भाजपा को हराने का कार्य करेगा।

## खबरें चलते-चलते

### बूथ स्तर के कार्यकर्ता सम्मेलन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम में पहुंचे कन्नौज

**छिबरामऊ कन्नौज।** छिबरामऊ कन्नौज सपा प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को कन्नौज पहुंचे इस दौरान छिबरामऊ के बूथ स्तर कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर छिबरामऊ से सैकड़ो कार्यकर्ता अपनी अपनी गाड़ियों से कन्नौज के लिए रवाना हुए सभी कार्यकर्ता धनी मार्केट में एकत्रित होकर उमर फारूक उर्फ बंटी नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी के नेतृत्व में सैकड़ो भूत कार्यकर्ता गनी मार्केट में एकत्रित होकर उनके नेतृत्व में कन्नौज सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में पहुंचकर भाग लिया इस दौरान वसीम कुरैशी मशहूर हसन मुस्तकीम ट्रेलर आरिफ हाफिज जी बादशाह का प्रशांत यादव विक्की यादव पिंकी यादव सभासद आदि कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर भाग लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नयापुर्वा गांव में मंगलवार की दोपहर एक युवक ने गांव के बाहर खड़े एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। नयापुर्वा गांव निवासी वीरभान (35) मंगलवार को कुछ कहासुनी होने पर नाराज होकर घर से निकल गया था। दोपहर में कुछ ग्रामीणों ने उसके शव को गांव के बाहर खड़े एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता देखा। इसपर ग्रामीणों ने परिजनों को जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी पाकर इंदरगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### समरसेबिल के करंट से किसान की मौत

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के निकारीपुर्वा गांव में मंगलवार को घर में लगे समरसेबिल में करंट उतर आने से एक किसान की मौत हो गई। परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, लेकिन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। निकारीपुर्वा गांव निवासी जगरूप (55) पुत्र वंशीधर खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मंगलवार की सुबह वह घर में लगे समरसेबिल को चालू कर रहे थे। उसी दौरान करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह से झुलस गए। परिजन उनको लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इंकार करते हुए शव को वापस घर ले गए।

### नगर से वैष्णो देवी की यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सनातन धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थान माता वैष्णो देवी के भव्य दर्शन के लिए नगर से श्रद्धालुओं का जत्था जय माता दी के गगन भेदी जयकारे लगाने के साथ रवाना हुआ। मंगलवार को मां वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए नगर से युवाओं सहित नागरिकों का जत्था नगर भ्रमण के बाद तिराहा से रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय माता दी के नारे लगाए। वहीं भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने तीर्थ यात्रियों अनिल गुप्ता, मोहित गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, अमन गुप्ता, ऋषभ दीक्षित, कमल कुशवाहा, सहित तमाम श्रद्धालुओं को रवाना किया।

## किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः सुनील कुमार

- अधिशाषी अधिकारी ने पंचायत कर्मियों की बैठक दिए निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



नगर पंचायत कार्यालय में जानकारी देते ईओ सुनील कुमार सिंह

**पंचायत** कर्मी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय से निस्तारण करें। करों की बसूली शासन द्वारा मानकों के आधार करें। साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। निर्माण कार्य मानक के अनुरूप किए जाएं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लापरवाही न बरती जाये। कहा कि प्रतिदिन होने बाले कार्यों की मॉनीटरिंग उनके द्वारा की जायेगी। यह बात मंगलवार को नगर पंचायत समधन में पचांयत कर्मियों की आवश्यक बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं जनसमस्याओं में अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कहा कि कर्मचारी करों की वसूली शत-प्रतिशत करें। शासन की मंशा के अनुरूप जनता से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लें। अधिशाषी अधिकारी ने मौजूद कर्मचारियों को प्रत्येक बार्ड में रुटवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान में तेजी लाये जानें के कडे निर्देश दिये। इसके उपरांत अधिशाषी अधिकारी ने समधन के मोहल्ला दारा सराय, किदवई नगर, गोरी नवादा, अशफाक उल्ला नगर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। सफाई नायकों को सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देश देने के उपरांत कहां कि सफाई व्यवस्था नियमित रूप से होनी चाहिए। अनदेखी पर सफाई कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एससी एसटी में न्यायालय ने आजीवन कारावास व 10000 का आर्थिक जुर्माना लगाया

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ बलात्कार ,गाली गलौज व जाति सूचक गालियां देने के सम्बन्ध में थाना सौरिख पर मु0अ0सं0 -85/23 एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया । पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था । कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश / एससी/एसटी कोर्ट जनपद कन्नौज द्वारा अभियुक्त सत्यवीर पुत्र लाखन सिंह नि0 हथरौली थाना भरथना जिला इटावा को आजीवन कारावास व रू. 10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पुलिस प्रशासन व महिलाओं के बीच हुई तीखी झड़प

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**बनवारी** नगर में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को बंद करने को लेकर स्थानीय महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन। वहीं महिलाओं ने खुद ही अंग्रेजी शराब की दुकान के शटर को किया बंद। महिलाओं व पुलिस के बीच जमकर हुई झड़प शिल्पी दुबे, पूनम गुप्ता, ओम कांति, साधना दुबे, रजनी दुबे, रेखा गुप्ता, मधु दीक्षित, राम मिश्रा, रश्मि दीक्षित, कमल सिंह, आदि महिलाएं रही उपस्थित महिलाओं का कहना है कि बनवारी नगर में कोचिंग हब है इस ठेके से छात्र छात्राओं के ऊपर दुष्प्रभाव पड़ता है पूर्व में ठेका बंद करने की मांग की गई थी तो कहां गया था कि अगली वर्ष यहां ठेका नहीं रखा जाएगा लेकिन लगातार इस स्थान पर आबकारी का ठेका चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं में आक्रोश व्याप्त पुलिस प्रशासन से भी महिलाओं की तिखी झड़प हुई महिलाओं ने ठेके पर किया ताला।

## सड़क हादसे में मलिकपुर के दो युवकों की मौत

- पुलिस की सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

समधन, समृद्धि न्यूज़





डंपर की टक्कर से टेंपो हुआ क्षतिग्रस्त जिसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल होने से अस्पताल में उपचार चल रहा है। मरने वालों में दो युवक मलिकपुर गांव के निवासी होने की वजह से गांव में मातम का माहौल छा गया है। क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी अनिरुद्ध यादव उम्र 25 वर्ष पुत्र शिवराज सिंह यादव व अखिलेश कुमार यादव उम्र 24 वर्ष पुत्र हरिवान सिंह यादव यह दोनों सोमवार शाम को घर से चित्रकूट आंखों के उपचार के लिए जाते समय थाना करवी क्षेत्र के ग्राम अमानपुर नेशनल हाईवे पर तेज गति से आ रहा है डंपर ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पांच युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी और तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए थे मरने वालों में अनिरुद्ध यादव व अखिलेश कुमार की घटना की जानकारी जैसे ही थाना करवी पुलिस द्वारा परिजनो को मोबाइल पर सूचना दी गई वैसे ही दोनों मृतक युवकों के घरों पर परिजनों में कोहराम मच गया मलिकपुर में दो युवकों की मौत की सूचना बातें ही गांव में मातम छा गया उधर परिजन शव लेने के लिए चित्रकूट के लिए रवाना हो गया जो मंगलवार देर रात तक मृतकों के शवो के आने की संभावना जताई जा रही है।

### लावारिस बुजुर्ग की मेडिकल कॉलेज में मौत

**तिर्वा।** अज्ञात बुजुर्ग की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में मौत हो गई। बुजुर्ग के शव को तिर्वा कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि तीन दिनों पहले बुजुर्ग को लावारिस हालत में इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा था। सोमवार की शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## दिल्ली में हुई गठबंधन की रैली को ठग गठबंधन की रैली बताया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**कन्नौज** सांसद पूर्व राज्य मंत्री ने चेयरमैन के आवास पर प्रेस वार्ता में इंडिया गठबंधन पर जमकर बोला हमला। तालग्राम चौराहा स्थित चेयरमैन मनोज कुमार दुबे के आवास सांसद सुब्रत पाठक पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत की मौजूदगी में सांसद सुब्रत पाठक ने प्रेस वार्ता में कहां की समाजवादी पार्टी में मैं पूरे प्रदेश में यादव के नाम पर केवल सैफई परिवार को ही टिकट दिया और कोई यादव व अन्य बैकवर्ड सपा मुखिया की निगाह में चुनाव लड़ने योग्य नहीं है कन्नौज के भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने इंडिया गठबंधन पर बोला जमकर हमला दिल्ली में हुई गठबंधन की रैली को ठग गठबंधन की रैली बताया उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को दबाने के लिए सभी दलों ने मिलकर बनाया है ठग बंधन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में लक्ष्य 400 के पर सफल होगा जनता भ्रष्टाचार्यो और गठबंधन करने वालों को पूरी तरह नकार देगी।

### तमंचा सहित हत्या के प्रयास के मुकदमे के वांछित को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व हत्या के प्रयास के मुकदमे में काफी समय से बांछित चल रहे युवक को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर तमंचा व कारतूस सहित हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। मंगलवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उप निरीक्षक राहुल कुमार ने हमराह सिपहियों रतेश उत्तम, सुभाष कुमार के साथ संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मलिकपुर स्थित महामाई के मंदिर के निकट छापेमारी की जहां हत्या के प्रयास के मामले में काफी समय से गैर हाजिर चल रहे धीरज राजपूत पुत्र तेजराम निवासी ग्राम इंदरपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद के पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया।

## आंखों का आपरेशन कराने गए सफाईकर्मी की दो मित्रों समेत मौत

- चित्रकूट में टैम्पो पलटने से हुआ हादसा
- सफाई कर्मी तिर्वा कोतवाली के ककराहा गांव का था निवासी

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



फाइल फोटो मृतक अतर सिंह

चित्रकूट में दो दिन पहले अपनी आंखो का आपरेशन कराने गए कोतवाली क्षेत्र के ककराहा गांव निवासी अतर सिंह (50) पुत्र रामसेवक वर्मा की सोमवार को चित्रकूट में टैम्पो पलट जाने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गूगरापुर विकास खण्ड में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। उसकी पत्नी शिक्षामित्र है। सफाई कर्मचारी अतर सिंह अपनी आंखो का इलाज कराने के लिए शनिवार को अपने दो अन्य मित्रों के साथ चित्रकूट गया था। यहां एक टैम्पो में सवार होकर वह अस्पताल जा रहा था। रास्ते में टैम्पो पलट जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। उसके साथी अनुरूद्ध व अखिलेश की भी मौत हो गई। चित्रकूट पुलिस ने सूचना कन्नौज पुलिस को दी। गांव में सूचना आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए चित्रकूट रवाना हो गए। मृतक अतर सिंह की पत्नी अर्चना सिंह उमर्दा विकास खण्ड के प्राइमरी पाठशाला अमृतपुर्वा में शिक्षामित्र के पद पर तैनात है।

**प्रशिक्षण** | नामांकन दाखिल करते समय उम्मीदवारों को फॉर्म 26 में अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया अकाउंट का विवरण देना आवश्यक है

## लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नज़र

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में मीडिया एवं सोशल मीडिया के नियुक्त सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया, 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया' की श्रेणी में आता है। सोशल मीडिया पर सभी राजनीतिक विज्ञापन पूर्व-प्रमाणन के दायरे में आते हैं। नामांकन दाखिल करते समय उम्मीदवारों को फॉर्म 26 में अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया अकाउंट का विवरण देना आवश्यक है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को राजनीतिक विज्ञापनों पर खर्च, खातों को बनाए रखने की लागत, सामग्री विकसित करने और खातों का प्रबंधन करने वाले कर्मचारियों के वेतन सहित सोशल मीडिया प्रचार के खर्च को शामिल करना आवश्यक है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को इंटरनेट आधारित मीडिया/सोशल मीडिया वेबसाइटों पर राजनीतिक विज्ञापनों को जारी करने से पहले पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है। आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान एवं संबंधित निर्देश उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई सामग्री पर लागू होंगे। ई-पेपर में प्रकाशित सभी राजनीतिक विज्ञापनों को भी पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। प्रशिक्षण के दौरान व्हाट्सएप, एक्स पोर्टल, ट्वीटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि प्लेटफार्म पर भड़काऊ भाषा एवं अराजकता फैलाने तथा फेक न्यूज की निगरानी करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जितने भी मीडिया प्लेटफॉर्म हैं, सभी को फॉलो किया जाये। उन्होंने सोशल मीडिया एवं ई-विज्ञापन की निगरानी हेतु बेहतर मंत्र दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला सूचना निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार, उप जिलाधिकारी नवनीता राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### हमको निष्पक्ष दिखना है और निष्पक्ष कार्य करना हैः जिला निर्वाचन अधिकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मास्टर ट्रेनर्स का अंतिम प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि पोलिंग बूथ पर 2-2 घण्टे के अंतराल पर वोटिंग प्रतिशत की सूचना वीटीआर एप पर देनी होगी। इस संबंध में प्रशिक्षण के दौरान विस्तार से जानकारी दी जाए। कहा कि इस बार बूथ पर यह प्रयास किये जाये कि अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के कार्य में हमको निष्पक्ष दिखना है और निष्पक्ष कार्य भी करना है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना छोटे ग्रुप में होगा उतना ही अच्छा होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षाणार्थी ध्यानपूर्वक अध्ययन करे। निर्वाचन में किसी प्रकार की लापरवाही छम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम को जिस वाहन से लेकर जायेगें, उसी वाहन से लेकर आयेगें। इस बार ईवीएम में पीला स्टीकर लगा होगा। मॉक पोल की ट्रेनिंग में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही टेण्डर वोट एवं चैलेंज वोट के संबंध में बताया जाए। प्रशिक्षण के पहले एवं बाद में उपस्थिति ली जाए। कहा कि निर्वाचन ड्युटी में लगे कर्मचारी इस बार ईडीसी के माध्यम से मतदान कर सकेगे। इस हेतु कर्मचारी को फार्म 12 ए भरना होगा और उन्हें ईडीसी जारी कर दिया जायेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सदर समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवक ने कमरे के अंदर तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

- थाना पुलिस तथा उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे, की जांच पड़ताल
- फील्ड यूनिट टीम ने लिये नमूने, पुलिस भरा शव का पंचनामा
- एक दिन पूर्व गंगा में छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की थी


रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज


जांच पड़ताल करती पुलिस व नमूने एकत्र करती फॉरेंसिक टीम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गृहकलह से** तंग आकर युवक ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर सीओ कायमगंज तथा फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिलसरा के मजरा गढ़िया निवासी 40 वर्षीय राम रहीश यादव पुत्र सुखराम ने मंगलवार की सुबह 7 बजे के करीब पुत्र को खेलने के लिए बाहर भेज दिया, जबकि पत्नी से जल्दी खाना बनाने को कहा। पत्नी खाना बनाने चली गई। इसी दौरान युवक ने तमंचे से गर्दन में गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुन घर परिवार में कोहराम मच गया और जब पत्नी ने अन्दर जाकर देखा तो राम रहीश लहूलुहान अवस्था में तड़प रहा था। शोरगुल सुन आसपास ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद थानाध्यक्ष शमशाबाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद सीओ कायमगंज सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटना के संबंध में परिजनों से आवश्यक जानकारी की। मृतक की पत्नी रामप्यारी ने बताया दो दिन पूर्व देवर राजेश द्वारा गाली-गलौज किया गया था। जिससे मृतक काफी आहत था। शमशाबाद थाना पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के दो पुत्र जो बड़े हैं वह घर से बाहर हैं। मृतक मेहनत मजदूरी के जरिए घर परिवार का पोषण करता था। सीओ कायगमंज सतेंद्र कुमार ने परिजनों से पूछताछ की। वहीं दूसरी ओर जिले से आई फिंगरप्रिंट टीम ने भी नमूने एकत्रित किए। बताते हैं सोमवार को राम रहीश पांचाल घाट पहुंचा। जहां उसने आत्महत्या के इरादे से गंगा में छलांग लगा दी। वहीं गोताखोरों ने तत्परता का परिचय देकर डूब रहे युवक को बचा लिया था। पूछताछ के दौरान गोताखोरों ने परिवार के लोगों को अवगत कराया गया था। सूचना के बाद परिजन राम रहीश को घर बुला लाए थे।

# विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुमित प्रेमी ने वर्ष भर में 498 मामलों का किया निस्तारण

- 14 दिन में आजीवन कारावास व 2 माह के अन्दर अभियुक्त को दी मृत्युदंड की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी के द्वारा अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक पॉक्सो कोर्ट में कुल 489 मुकदमों का निस्तारण किया गया। जिसमें 210 जमानत प्रार्थना पत्र, जुबनाइल अपीलें 28, परिवाद निस्तारण 50, फौजदारी प्रकीर्ण वाद 27, 156 (3) सी.आर.पी.सी. के कुल 27, फाइनल रिपोर्ट निस्तारण के 70, एसएसटी के कुल 77 मामलों, दोष सिद्ध के कुल 35, दोष मुक्त के कुल 25 तथा अनकनस्टेडि के कुल 17 मामलों का निस्तारण कर 24,71000 जुर्माना वसूल किया गया। मृत्यु दण्ड के 02 माले, तीन मामलों में कुल 5 वर्ष का कारावास, 10 मामलों में कुल 7 वर्ष का कारावास, 2 मामले में 4 वर्ष का कारावास, कुल 6 मामले में 10 वर्ष का कारावास, 6 मामले में आजीवन कारावास, 6 मामलों में 3 वर्ष का कारावास, कुल 849 साक्षी परिचित कराए गए। उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किए गये एक्शन प्लान के अन्तर्गत 40 मुकदमे का निस्तारण किया गया और यह बहुत उल्लेखनीय रहा है। वर्ष 2015 में मुकदमे को गुणदोष के आधार पर सभी का निस्तारण किया गया। जो कि न्यायालय का बहुत ही अच्छा रिकार्ड है। इस वर्ष रिकार्ड स्तर पर मुकदमों का निस्तारण किया गया। जो कि एक सर्वोत्तम रिकॉर्ड है। एक विशेष सत्र परीक्षण में न्यायालय द्वारा 14 दिन में सुनवाई पूरी कर अभियुक्त को आजीवन कारावास से दण्डित किया गया तथा एक मामले में जो कि जघन्य अपराध का था जिसमें न्यायालय द्वारा शीघ्र सुनवाई करते हुए 2 माह के अन्दर अभियुक्त को मृत्युदंड की सजा से दण्डित किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा मुकदमों का निस्तारण गुण दोष के आधार पर अधिक से अधिक किया गया तथा वादी द्वारा फर्जी मुकदमे लिखाए जाने तथा न्यायालय में गवाही से मुकर जाने से झूठी गवाही देने पर धारा 22 पॉक्सो एक्ट की कार्यवाही की गयी। जिसका असर ये हुआ कि फर्जी मुकदमे में कमी आई है। जिसका श्रेय न्यायालय को जाता है। अभियोजक पक्ष के अधिवक्ता विकास कटियार तथा प्रदीप सिंह, अनुज कटियार का मुकदमों के निस्तारण में विशेष सहयोग रहा।

# डीएम ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी की** अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में दुर्घटना के 28 दावे प्रस्तुत किये गए। जिलाधिकारी द्वारा संदेहास्पद व अपूर्ण आवेदनों की दोबारा जाँच कर प्रस्तुत करने के निर्देश समस्त एस0डी0एम0 को दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी एसडीएम व तहसीलदार ये जाँच कर लें कि आवेदक शासनादेश के तहत पात्रता की श्रेणी में आते है या नहीं। कोई भी दावा फर्जी पाये जाने पर संबंधित एसडीएम व तहसीलदार जिम्मेदार होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में युवक को आजीवन कारावास

- 50 हजार रुपये अर्थदण्ड, 20 वर्ष पूर्व घटी थी घटना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हत्या के मामले में अपर जिला जज न्यायाधीश कक्ष 5 राकेश कुमार सिंह ने टीटू उर्फ पुष्पेंद्र विक्रम पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी कुम्हरौर थाना अमृतपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। जानकारी के अनुसार बीते 20 वर्ष पूर्व कोतवाली अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कुम्हरौर निवासी कृष्णपाल पुत्र दधिबल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 1 मई 2004 को मैं अपने घर पर अपने भाई श्रवण के मकान की दीवाल की चुनाई करवा रहा था। समय करीब 1 बजे हमारे गॉव के जितेंद्र, बंटी, टीटू, नीटू, बीटू मेरे मकान पर आए और दीवाल बनाने का विरोध करने लगे। मैंने कहा कि अपनी जगह पर दीवाल बनाओ। इतने में जितेंद्र सिंह ने गाली देते हुए कहा कि सालों को मार दो। जिस पर कमर से तमंचा निकालकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। शोर सुनकर गॉव के लोग आ गये। जिस पर मुल्जिमान भाग गए। घायल की उपचार के समय मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर जितेंद्र, टीटू, नीटू, बंटी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने टीटू उर्फ पुष्पेंद्र विक्रम को दोषी करार देते हुए 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। मुकदमा विचारण के जितेंद्र की मृत्यु हो गयी थी। साक्ष्य के अभाव से नीतू व बंटी को दोष मुक्त किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## टेंपो पलटने से आधा दर्जन घायल, एक रेफर



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** टेंपो पलटने से आधा दर्जन घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक की हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। जबकि टेंपो को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को फतेहगढ़ से कमालगंज आ रहा एक टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर भोजपुर बघार के निकट पलट गया। जिसमें सवार फैजान पुत्र संलन निवासी जवाहर नगर कमालगंज. राघव पुत्र जगदीश निवासी शमशाबाद, मुकेश पुत्र खुशीराम निवासी इंदिरा नगर कमालगंज, मुकीम पुत्र अब्दुल बशीर खान, राजेश पुत्र साधुराम निवासी अमानाबाद, गगन गुप्ता पुत्र महावीर निवासी शेखपुर घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लाया गया। जहां पर चिकित्सक विकास पटेल ने उनका प्राथमिक उपचार किया एवं फैजान के हेड इंजरी हो जाने के कारण हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया एवं टेंपो को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल



कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कार की टक्कर से युवक गम्भीर रुप से घायल हो गयी। उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मानसी पुत्री राघवेंद्र राठौर निवासी मसेनी आवास विकास से स्कूटी से अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में तेज रफ्तार से जा रहे कार चालक ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवती स्कूटी समेत सड़क पर गिर गयी और गम्भीर रुप से घायल हो गयी। घटना के बाद राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे और युवती को उठाया। घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से से उसे लोहिया में भर्ती कराया गया।

## महिला से टेंपो में हुई लगभग 3 लाख की टप्पेबाजी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी शिव ठाकुर पत्नी शोले ठाकुर 31 मार्च को टेंपो में बैठकर कमालगंज से फतेहगढ़ जा रही थी, तभी कमालगंज से ही दो महिलाएं बैठी जो की याकूतगंज में उतर गई। शिव ठाकुर ने बताया कि उनको देखने में संदिग्ध लग रही थी, लेकिन उन्होंने उस समय ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद मैं फतेहगढ़ में उतरी और वहां से कुछ काम करके मोहम्मदाबाद के लिए रवाना हुई। मोहम्मदाबाद पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मेरा बटुआ गायब है। जिसकी सूचना उन्होंने अपने पति शोले ठाकुर को दी। वापस आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बटुआ में एक चैन, चार अंगूठी, मंगलसूत्र तथा और भी सोने का सामान रखा था। इसके अलावा नगद 5000 लगभग 300000 की टप्पे बाजी मेरी पत्नी के साथ में हुई है, लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद आज पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप में शिकायत की।

# अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर महिला को मारपीट कर घर से निकाला

- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज थाना** क्षेत्र के ग्राम नगरिया देवधरापुर निवासी अंजली शर्मा पत्नी दीपू शर्मा पुत्री बृजेश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया प्रार्थिनी की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ दिनांक 22.06.2019 को दीपू शर्मा पुत्र सत्य प्रकाश उर्फ मुनीम निवासी न्यू रेवाड़ी कुशवाहा नगर एटा जनपद एटा के साथ संपन्न हुई थी। शादी में मेरे पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा 7 लाख रुपए खर्च किए थे। फिर भी शादी में दिए गए दान दहेज से पति दीपू शर्मा, सास देवकी शर्मा, ननद प्रीति शर्मा, ससुर सत्य प्रकाश शर्मा संतुष्ट नहीं थे एवं अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल एवं 50000 रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पीड़िता द्वारा मना करने पर उक्त सभी लोग उसे मारने पीटने लगे और मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। अक्टूबर 2022 में उक्त सभी लोग नाबालिग पुत्री वैष्णवी के साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया था तथा समस्त स्त्री धन छीन लिया। जिस पर पीड़िता ने न्यायालय में परिवाद दाखिल किया। न्यायालय से नोटिस जाने पर सभी ससुरालीजन 30.01.2023 को उसे बुला ले गये। कुछ दिन सही रहने के बाद उपरोक्त ससुरालीजन पुनः उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। दिनांक 7.12.2023 को उपरोक्त ससुरालीजनों ने पुनः मारपीट की और प्रार्थिनी से दोनों नाबालिग बच्चों को छीन लिया और धमकी दी कि साली बगैर 50 हजार रुपये और मोटर साइकिल लिये इस घर में आयी, तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# आग से झोपड़ी की गृहस्थी जली, दो बकरे व नकदी भी जली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


आग से बचा खुचा सामान बीनता पीड़ित — समृद्धि न्यूज

**गर्मी बढ़ते** ही आग की घटनायें शुरू हो गयी हैं। झोपड़ी में अचानक लगी आग से गृहस्थी के सामान के साथ ही दो बकरे और नकदी भी जल गयी। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट की मदद से आग पर काबू पा लिया। दमकल को सूचना नहीं दी गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मंझा निवासी मातादीन पुत्र बालकराम की झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। आग की जानकारी होने पर गाँव में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हुए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने पंपिग सेट से आग पर काबू पाया। मातादीन ने बताया कि आग में गृहस्थी के सामान के साथ ही अनाज, सरसों, आटा, साइकिल, सिलेंडर, बक्सा, दो चारपाई, कम्बल रजाई के साथ ही दो बकरे व 15 हजार रूपये की नकदी जलकर राख हो गयी। सूचना पर कानून गो अजय शुक्ला, लेखपाल धनंजय दीक्षित ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि वह शासन से जो भी सम्भव होगी मदद दिलवायेंगे।

# किसान के आलू के ढेर में अज्ञात लोगों ने लगायी आग


फसल जलने के बाद गुमशुम बैठा किसान — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**किसान के** खेत में लगे आलू की फसल में अज्ञात कारणों से लगी आग से पांच बीघा आलू की फसल जल गयी। जली फसल देखकर किसान मायूस हो गया और काफी देर तक गुमशुम बैठा रहा।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगला केल निवासी राम सिंह के खेत में आलू की खुदाई कर फसल को खेत में ही जमा कर दिया था। बीती रात पीड़ित किसान खेत से अपने घर चला आया, तभी रात में किसी समय अज्ञात लोगों ने उसके खेत में जमा हुई फसल में आग लगा दी। जिससे पीड़ित कसान का पांच बीघा आलू जल गया। जब सुबह पीड़ित ने खेत में जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने कहा कि काफी मेहनत कर उसने आलू की फसल पैदा की थी। उसका कहना था कि जब आलू महंगा हो जायेगा, तब बेच देगा और लोगों से लिया कर्ज आदि चुका देगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। उसका ठीक उल्टा हो गया और उसके खेत में जमा की गई फसल में लोगों ने आग लगा दी। इस बात की पीड़ित ने थाने में तहरीर देने की बात कही।

निरीक्षण

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चार कर्मचारी मिले नदारद

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया कमालगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण

- चारों अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के दिए निर्देश

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**


मरीजों से जानकारी करते सीएमओ — समृद्धि न्यूज


चिकित्सकों को निर्देश देते मुख्य चिकित्साधिकारी — समृद्धि न्यूज

**मुख्य चिकित्साधिकारी** ने कमालगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को चार कर्मचारी अनुपस्थित रहे। जिनका वेतन काटने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र सिंह ने कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां पर चिकित्सकों से संचारी रोग से संबंधित जानकारी ली एवं स्टाफ नर्स से भी जानकारी हासिल की। वहीं चार कर्मचारियों के गैरहाजिर मिलने पर वेतन काटने के निर्देश दिए। जिनमें नीतू सिंह नेत्र सहायक और ज्ञानदीप शर्मा लिपिक के वेतन रोकने के आदेश दिए। भर्ती मरीजों से नाश्ता एवं खाने आदि की जानकारी हासिल की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हमारे डॉक्टर की टीम एकदम तैयार है। जिसके अंतर्गत कहीं पानी का जलभराव ना हो और घास मैं गंदगी ना हो, जो भी ऑफिस वगैरा हैं वहां पर साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए और गंदगी ना पाई जाए। 10 तारीख से हर घर दस्तक का प्रोग्राम होगा। जिसके लिए हमारे डॉक्टर की टीम तैयार है। जिसमें आशा व आंगनबाड़ी हर घर जाकर मरीज के बारे में जानकारी करेंगी। जो की 30 अप्रैल तक चलेगा। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अजय यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अनियंत्रित रोडवेज बस पलटने से महिला परिचालक की मौत

- मृतक आश्रित में रेखा को मिली थी रोडवेज में परिचालक की नौकरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मृतका परिचालक के घर के बाहर लगी भीड़ — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद डिपो** की महिला परिचालक की बीती रात बस से गिरकर मौत हो गयी। फर्रुखाबाद रोडवेज डिपो की बस संख्या यूपी 76के/7296 देर शाम कौशांबी जा रही थी। जैथरा अलीगंज के बीच में डम्पर की बस में रगड़ लगने के बाद बस का टायर फट गया। लगभग 700-800 मीटर तक बस चलने के बाद अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गयी। जिससे खिड़की के पास बैठी महिला परिचालक रेखा खिड़की के बाहर निकलकर सिर के बल गिर गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। घायलावस्था में उन्हें जैथरा स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लगभग 40 वर्षीय रेखा पत्नी स्व0 ज्ञानेन्द्र की मौत की खबर सुनते ही एटा के एआरएम राजेश कुमार यादव, सहायक यातायात निरीक्षक रिषी दीक्षित 10:30 बजे जैथरा पहुंचे। जानकारी होने पर फर्रुखाबाद के एआरएम अरविन्द मिश्रा, वरिष्ठ बस स्टैण्ड प्रभारी गौरीशंकर व विनोद कुमार ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। एआरएम अरविन्द मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के बाद मृतक परिचालक के परिजनों को विभाग की ओर से हर संभव मदद की जायेगी। रेखा के पति स्व0 ज्ञानेन्द्र यादव 2008 में रोडवेज में भर्ती हुए थे। कुछ वर्ष बाद रेखा के पति ज्ञानेन्द्र यादव बाइक से घर जाते समय मांझी रेस्टोरेंट के पास पड़ी गिट्टी पर बाइक फिसल गयी। जिसे वह गंभीर रुप से घायल हो गये थे। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद 2016 में रेखा को रोडवेज में फतेहगढ़ वर्कशाप में तैनाती मिली थी। उसके बाद वह बेवर डिपो में परिचालक बनी।

उन्होंने अपना स्थानांतरण बेवर डिपो से फर्रुखाबाद करा लिया था। मृतक रेखा के दो बच्चे है। जिसमें एक पुत्र दिव्यांग है। घटना की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रेखा का एटा में पोस्टमार्टम हुआ। देर रात तक शव उनके निवास पर फर्रुखाबाद लाया गया।

# सपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष ने जोनल प्रभारी व सेक्टर अध्यक्षों की ली बैठक

- प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए जन-जन तक पहुंचे कार्यकर्ता


बैठक लेने के बाद विनीत कुशवाहा के साथ सेक्टर व जोनल अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत नवाबगंज में सपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने विधानसभा अध्यक्ष/जिला पंचायत सदस्य उदय प्रताप भोला यादव, अमृतपुर विधानसभा प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जोनल प्रभारी प्रदीप कुमार टीटू के आवास पर जोनल एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेकर चुनाव संबंधित दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक को सम्बोधित करते हुए विनीत कुशवाहा ने कहा कि शीघ्र ही नवाबगंज में जन सम्पर्क चुनाव कार्यालय की रणनीति पर सहमति बनी। उन्होंने चर्चा करते हुए सभी सेक्टर व जोनल अध्यक्षों से सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने का संकल्प, जन-जन तक चुनाव प्रचार करने की बात कही। इस अवसर पर रामवरन, छविराम, मेघनाथ, महिपाल यादव, पप्पू सैनी, जयपाल, रजत, निखिल, वैभव, प्रतिपाल आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही छात्रसभा की टीम भी मौजूद रही।

# प्रधान द्वारा जेसीबी से खुदवाई गई नाली ग्रामीणों के लिए बनी बवाल-ए-जान


प्रधान द्वारा बनवायी जा रही नाली — समृद्धि न्यूज

- वर्षों पुराने तालाब पर ग्राम प्रधान तथा संबंधियों द्वारा कब्जे की कोशिश, पार्टी बंदी का आरोप
- ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान तथा ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों पर बरसों पुराने तालाब पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा पार्टी बंदी के चलते जहां एक ओर वर्षों पुराने तालाब पर कब्जा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के घरों से बहने वाला पानी जो इसी तालाब में जाता था जिसे तालाब में जाने से रोकने के लिए विपरीत दिशा में नाली निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी कायमगंज को भेजे गए शिकायती पत्र के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा नाली निर्माण के लिए जेसीबी द्वारा विपरीत दिशा में खुदाई कराई गई। जो ग्रामीणों के घरों की दीवार से गुजरती हुई आगे जाती है। ग्रामीणों के अनुसार विपरीत दिशा में जेसीबी से खुदाई कराए जाने के कारण ग्रामीणों के मकान की निहास को क्षति हो सकती है। यहां तक कि मकान की दीवारें भी ढह सकती और मकान भी। शिकायती पत्र के अनुसार खसरा संख्या 221 के अनुसार कागजों में तालाब दर्ज है तथा आबादी की भूमि है। उक्त तालाब जिसमे ग्रामीणों के घरों से बहने वाला पानी बहकर जाता है, लेकिन पार्टीबंदी के चलते ग्राम प्रधान द्वारा विपरीत दिशा में नाला निर्माण कराया जा रहा है। जो ग्रामीणों के मकानों के लिए गंभीर खतरा है। आक्रोशित ग्रामीणों के अनुसार भविष्य में कोई हादसा होता है तो हादसे का जिम्मेदार कौन होगा। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कायमगंज को शिकायत पत्र देकर जांच और कार्यवाही के जरिए तालाब को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार शिकायती पत्र की प्रतिलिपि जन सूचना एप द्वारा अधिकारियों को दी गई। इसके अलावा कार्यालय मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेजकर जांच कर कार्यवाही की मांग की गई।

# गंगा तट पर दिलायी गई मतदाता जागरुकता की शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते लोग — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी के दिशा निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कोऑर्डिनेटर स्वीप श्री सुधीर कुशवाहा एवं महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा द्वारा दुर्वासा आश्रम के सामने गंगा तट पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारती मिश्रा ने कहा कि हम सब सबसे पवित्र गंगा तट पर खड़े हैं और यहां हमें यह संकल्प लेना है कि हम राष्ट्रहित में स्वयं मतदान करेंगे। साथ ही संपर्क में आने वाले प्रत्येक मतदाता को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। 13 मई को लोकतंत्र का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाएं और अपने बूथ पर वोट डालने अवश्य जाएं। सुधीर कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपना मत अवश्य देना चाहिए और इस बात पर गर्व करना चाहिए की सरकार चुनने में उनकी अपनी महती भूमिका है। वैभव सोमवंशी ने समस्त मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान दिवस पर आलस्य त्याग कर सभी जलपान से पहले मतदान करने का संकल्प लें। गंगा तट पर आचार्य प्रदीप शुक्ला शुक्ला द्वारा शपथ का वाचन किया गया। इस अवसर पर विशाल दुबे, इशांत मिश्रा, मोहिनी, राम दर्शनी, गीता, मनोज, रमेश, शिवानी, आदेश, राम सिंह, नीरज, रुचि, करुणा शंकर, अमित दुबे, शीला रानी, निरुपमा आदि द्वारा शपथ ग्रहण करायी गई।

# तमंचा सहित युवक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु कोतवाली फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक यतेन्द्र कुमार, हे0का0 महेश उपाध्याय, का0 अभिषेक प्रताप सिंह चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी कुचिया तिकोना सब्जी मण्डी तिराहा के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अभय मिश्रा उर्फ मंटू पुत्र राजीव मिश्रा निवासी कुचिया महादेव प्रसाद स्ट्रीट बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि मेरा परिवारिक जनों से विवाद चल रहा है। मैंने एक राह चलते युवक से तमंचा खरीद लिया था। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# जेफेड खरीद केंद्र पर फसल बेचने आये किसानों को किया सम्मानित

**जालौन (उरई)।** जेफेड द्वारा संचालित सरकारी दलहन व तिलहन खरीद केंद्र का उद्घाटन नवीन गल्ला मंडी में एसडीएम अतुल कुमार ने किया। इस दौरान मंडी में फसल बेचने आए पहले किसान को सम्मानित भी किया गया। किसानों से सरकारी दर पर उनकी दलहन और तिलहन की फसल खरीदने के लिए उत्तर प्रदेश सहकारी जूट एवं कृषि विकास संघ लिमिटेड (जेफेड) द्वारा संचालित सरकारी दलहन व तिलहन खरीद केंद्र नवीन गल्ला मंडी परिसर स्थित नीलामी चबूतरे पर खोला गया है। मंगलवार को सरकारी क्रय केंद्र का उद्घाटन एसडीएम अतुल कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी अनूप पटेल से कहा कि क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। केंद्र पर पानी, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पंजीकरण के बाद नंबर से ही किसानों से उनकी फसल की खरीद की जाए। किसी भी हालत में किसानों को परेशान न किया जाए। यदि कोई शिकायत मिलती है तो केंद्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई होना तय है। मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश पर अभी तक क्रय केंद्र पर चना, मसूर और सरसों की खरीद की जाएगी। सरकारी द्वारा फसल खरीद की दर इस प्रकार रखी गई है। जिसमें केंद्र पर चना 5440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6425 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। केंद्र पर किसानों की सुविधाओं का भी पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा।

# विकास भवन में सीडीओ ने दिव्यांगों को ड्यूटी के संबंध में दी जानकारी

- सीडीओ ने कर्मचारियों को दिलायी मतदाता जागरुकता की शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


विकास भवन में दिव्यांगों व अन्य को शपथ दिलाते सीडीओ — समृद्धि न्यूज

**विभिन्न विभागों के** दिव्यांग कर्मियों को विकास भवन सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया में ड्यूटी हेतु आमंत्रित किया गया था। दिव्यांग कर्मियों की ड्यूटी को मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी श्याम तिवारी और परियोजना निदेशक की उपस्थिति में सभी दिव्यांग कर्मचारियों से मतदान दिवस पर ड्यूटी किए जाने के संबंध में व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त की तथा उनका आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। दिव्यांगजन आइकॉन हकुम सिंह, कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाह, महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा सहित जनपद के समस्त विभागों के आए हुए दिव्यांगजन कर्मचारियों ने अधिकारियों के सामने अपनी-अपनी समस्याओं को बताया। जिसका अधिकारियों ने निराकरण करते हुए उनको उनकी दिव्यंका के आधार पर उपयुक्त स्थान पर निर्वाचन ड्यूटी लगाए जाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर ममता चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार यादव, दिव्या दीक्षित, विवेक कुमार, सर्वेश कुमार शाक्य, विपुल अग्निहोत्री, राजीव राजपूत, मनीष कुमार मिश्रा, मुन्नी यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, सुभाष चंद्र शर्मा, विजय प्रताप सिंह, सपना मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कालाबाजारी के मामले में कोटेदार व उसके पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज के पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव ने विकास खण्ड नवाबगंज थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव अमरापुर नगला मकोड़ा निवासी राशन कोटेदार कमला देवी पत्नी स्वर्गीय बदन सिंह व इनके पुत्र विकास के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार सोमवार को कायमगंज पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव ने राशन दुकान पर पंहुचकर जब जांच पड़ताल की तो दुकान पर लगे बोर्ड पर खाद्यान उपलब्ध होने की कोई सूची नहीं पाई गई। दुकान पर जो गेहूं, मक्का, चावल, चीनी आदि राशन वितरण के लिए स्टॉक में उपलब्ध होना चाहिए था वह भी निरीक्षण में नहीं पाया गया। इससे प्रतीत होता है कि कोटेदार ने राशन की कालाबाजारी कर दी है। मेरापुर पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर राशन की कालाबाजारी का मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दी।

### सुन्नी अज़हरी फांउडेशन की जानिब से सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती स्थित नूरी मस्जिद में सुन्नी अजहरी फाउंडेशन की ओर से रमजान पर्व के तहत इतवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो लोग इफ्तार मे शामिल रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से विश्व शान्ति, अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिए, मुल्क की एकता अखंडता के लिए दुआँए की गई। सभी का एकजुट होना और एक दूजे का सम्मान करना बेहद जरूरी है। मुजफ्फर हुसैन अजहरी ने बताया रमजान पवित्र महिना है इसमे जो बंदा अपने गुनाहो की दिल से तौबा कर लेता है खुदा उसके सारे गुनाह माफ कर देता है। हमें एक दूसरे के प्रति मोहब्बत के साथ रमज़ान का महिना गुजारना चाहिए नफरतो को त्याग देना चाहिए। माहे रमजान गरीबो यतीमो और जरूरतमंदो की भूख प्यास को करीब से समझने में मदद करता है। इस दौरान मुजफ्फर हुसैन अजहरी, महफूज, मुकीम, चमन अंसारी, फैसल खान, सलीम मंसूरी, खालिद एडवोकेट, इकरार बंटी, आदि लोगो का सहयोग रहा।

### वन विभाग की चार नर्सरियों में 14 लाख से अधिक पौध तैयार

**कालपी (जालौन)।** वन विभाग ने वृक्षारोपण की तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए विभाग की 4 नर्सरी में 14 लाख 247 पौध तैयार की जा रही है। वन विभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारी संजय यादव के मुताबिक डीएफओ प्रदीप यादव के निर्देशन में इस वित्तीय वर्ष में नये लक्ष्य के रूप में व्यास नर्सरी में 85 हजार 300 पौधे, सुल्तानपुर नर्सरी 1 लाख 10 हजार पौधे, आलमपुर नर्सरी में 1 लाख पौधे तथा सोहरापुर नर्सरी 3 लाख 90 हजार नई पौध तैयार की जा रही है वही पुरानी पौध 7 लाख 945 पौध समेत कुल 14 लाख 247 पौध जिसमें कट सागौन, सागौन, शीशम, चिलविल, कन्जी, अमरूद, अनार, नीबू, पीपल, पाखर, बरगद आदि की तैयारी की जा रही है।वही वन रेन्जर संजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा पांच हेक्टेयर भूमि में बने नन्दन वन में वृक्षारोपण किया गया था जिसमें 8 हजार वृक्षों का रोपण किया गया था।

# कृष्णा नगर के लोगों ने उठाई साफ-सफाई कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


कृष्णा नगर में लगा कचरे का ढेर — समृद्धि न्यूज

**अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू** सेना के प्रदेश संयोजक केके द्विवेदी व जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर सफाई दुरुस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सफाई नायक द्वारा नालियों व गलियों की सफाई न कराके प्राइवेट प्रतिष्ठानों की सफाई करायी जा रही है। अम्बेडकर नगर कृष्णा कालोनी में काफी दिनों से साफ-सफाई नहीं हुई है। सफाई नायक धीरज को कई बार फोन किया गया, वह गली में निरीक्षण तक करने नहीं आये। तीन बार लिखित व मौखिक कहने के बाद भी सफाई नहीं हुई है। प्राइवेट प्रतिष्ठानों के पास सफाई कराते इनका वीडियो भी वायरल हो चुका है। कर्मचारी भी गलियों में नहीं जाते है और न ही सफाई करते है जिससे गलियों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। शासन स्तर से सफाई कर्मचारी तैनात है। पैसा खर्च किया जाता है उसके बावजूद भी गलियों में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो स्थानीय लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# मंदिर, मजार से चंद कदम की दूरी पर संचालित हो रहा शराब ठेका

**कालपी (जालौन)।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर में घनी बस्ती के बीच व चंद कदमों की दूरी पर मंदिर और मजार स्थित होने के बाबजूद सरकारी देशी शराब का ठेका खोले जाने की जानकारी से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने एसडीएम से मामले की शिकायत की है। नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि इंद्रानगर स्थित घनी बस्ती के बीच किशनलाल के मकान में कजरारे यादव ठेकेदार के द्वारा देशी शराब का ठेका खोला जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



**मंगलवार** को महिला शिक्षिकाओं (कार्मिकों) की परिस्थिति जन्य समस्या के संबंध में लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा और उनसे अनुरोध किया कि असाध्य रोगों से पीड़ित, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों की माताएं, 58 वर्ष से ऊपर के कार्मिक एवं एकल अभिभावक महिलाओं को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया की इन बातों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास कुमारी दीक्षित, उपाध्यक्ष शैली मिश्रा, संयुक्त मंत्री रश्मि द्विवेदी, मंत्री सरिता गौतम, मीडिया प्रभारी रेनू कमल, स्नेहलता आदि लोग रहे।

**कटाक्ष** — सांसद ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सूप बोले तो बोले, चलनिया में 72 छेद वह भी बोले

# भ्रष्टाचारी परिवार और पार्टी को बचाने में लगे हैं: मुकेश राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत

**मंगलवार को** आवास विकास स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर पत्रकार वार्ता की।

सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार जैसे प्रमुख मुद्दे को लेकर पत्रकारों से वार्ता करने के लिए निर्देश दिया गया है। मुकेश राजपूत ने कहा कि इंडिया एयरलाइंस के द्वारा दिल्ली में आयोजित हुई रैली में अलग-अलग विचारधाराओं के दल जिन्होंने अपनी सरकार में रहते हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस की नीति को ध्यान में रखकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक लंबी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। वह सभी भ्रष्टाचारियों अपने परिवार और पार्टी को बचाने और अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए एक मंच पर खड़े हो गए हैं। ऐसे भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने का सही समय आ चुका है। वह विचारधारा जो कभी सार्वजनिक मंचों से एक दूसरे पर कीचड़ उछालती थी, लेकिन अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए इंडिया एयरलाइंस जैसा राजनीतिक मंच बना लिया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सलाखों के पीछे जा चुके हैं। न्यायालय के द्वारा भी उनको कहीं से भी राहत नहीं मिल रही है। सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जैसे लोग भी भ्रष्टाचार के कारण जेल में बंद है। क्योंकि यह सभी राजनीतिक दलों के लोग भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक संगठित गिरोह बनाकर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सांसद मुकेश राजपूत की वायरल हो रही वीडियो पर उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा संसदीय क्षेत्र के लोगों की मदद समय-समय पर कराई गई है। यह वीडियो प्रायोजित है। समाजवादी पार्टी के द्वारा मेरी व्यक्तिगत छवि को धूमिल करने के प्रयास किया जा रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी मदद मांगने के लिए जो भी क्षेत्रवासी पहुंचता है, उसकी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री राहत कोष के द्वारा मदद कराई जाती है। मैं बहुत गिरी हुई राजनीति पर विश्वास नहीं करता हूं। उन्होंने अखिलेश यादव पर कहा कि सूप बोले तो बोले चलनी भी बोले जिसमें 72 छेंद है। वह अपना देखे, अपनी पार्टी देखे। उन्होंने अखिलेश यादव पर कहा कि कैसे उन्होंने जमीनी कब्जा करवायी, भ्रष्टाचार करवाया, लूट करायी, भैंसे चुरवाई है। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया सांसद मुकेश राजपूत की वायरल हुई वीडियो समाजवादी पार्टी का एक षड्यंत्र है। इससे पूर्व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर सकते अपनी जनसभा में श्री राम के उद्घोष का विरोध किया था। यह उनकी सनातन विरोधी विचारधारा को दर्शाता है। समाजवादी पार्टी कभी भी प्रदेश का हित नहीं चाहती है। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, दिनेश कटियार, कुलदीप गंगवार, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत, पीयूष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# रामदेव-बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

▸ भ्रामक विज्ञापन मामले में हलफनामा दायर करने का आखिरी मौका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। साथ ही आदेश दिया कि अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद एमडी आचार्य बालकृष्ण शीर्ष अदालत पहुंचे। इस दौरान अदालत ने दोनों को उचित हलफनामा दाखिल नहीं करने और नियमों को अनदेखी करने के लिए फटकार लगाई और कहा कि आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को एक हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। साथ ही आदेश दिया कि अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने पतंजलि के एमडी के हलफनामे में दिए बयान को भी खारिज कर दिया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट पुराना है। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कहा कि यह पूर्ण अवहेलना है। सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, देशभर की अदालतों से पारित हर आदेश का सम्मान होना चाहिए। आपको इस मामले में हलफनामा दायर करना चाहिए था। अदालत ने कहा कि आपको अदालत में दिए गए आश्वासनों का पालन करना होगा, आपने हर सीमा लांघकर रख दी। वहीं, अदालत ने केंद्र पर भी सवाल उठाए। आश्चर्य की बात यह है कि जब पतंजलि यह कहकर शहर जा रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है, तो केंद्र ने अपनी आंखें बंद रखने का फैसला क्यों किया।





### पतंजलि ने बिना शर्त मांगी थी माफी

इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को दो अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई थी और नोटिस जारी कर पूछा थी कि उनके खिलाफ अमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। इसके बाद पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण ने हलफनामा देकर माफी मांग ली थी।

### पिछले साल नवंबर में किया था आगाह

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने याचिका में बताया था कि पतंजलि ने दावा किया था कि योग अस्थमा और डायबिटीज को पूरी तरह से ठीक कर सकता है। पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों को लेकर केंद्र से परामर्श और गाइडलाइंस जारी करने का आदेश दिया था। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके अधिकारियों को मीडिया में (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह की) अन्य दवा प्रणालियों के बारे में कुछ गलत कहने के लिए आगाह किया था। कंपनी ने पहले अदालत के समक्ष अपने हलफनामे में ऐसा नहीं करने की बात कही थी। पिछले साल 21 नवंबर को, कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि आगे से कानून का कोई उल्लंघन नहीं होगा।

### झूठी गवाही का मामला भी शुरू होना चाहिए

अदालत ने कहा उसे रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी शुरू करना चाहिए। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि हलफनामे के साथ दस्तावेज जोड़े गए, जबकि दस्तावेज बाद में तैयार किए गए। यह झूठी गवाही का स्पष्ट मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे, लेकिन वही सब बता रहे हैं जो हमने अबतक देखा है।

# मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए उद्धव ठाकरे ने हिंदू विरोधियों से हाथ मिलाया : दिनेश शर्मा

एजेंसी



**मुंबई ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र प्रदेश चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर कुर्सी के लिए हिंदू विरोधियों से हाथ मिलाने का आरोप लगाया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन सभी 48 सीटें जीतने वाला है। इसमें कोई शक नहीं रह गया है।

डॉ. दिनेश शर्मा मंगलवार को मुंबई के नरीमन पाईंट स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने हमेशा कांग्रेस का कड़ा विरोध किया। हिंदुत्व के कट्टर समर्थक बालासाहेब कांग्रेस के हिंदू विरोधी चरित्र को जानते थे, जबकि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद पाने के लिए राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिलाकर मतदाताओं को धोखा दिया। इस चुनाव में मतदाता इस विश्वासघात को करारा जवाब देंगे।

महाविकास आघाड़ी के प्रति मतदाताओं के गुस्से के कारण यूबीटी, कांग्रेस और शरद पवार की महाविकास आघाड़ी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि हिंदू विरोधी कांग्रेस ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को लोकसभा चुनाव में कैसे हार दिलवाई थी, इसका इतिहास महाराष्ट्र जानता है। राज्य के उत्पीड़ित और वंचित लोगों को यह बात पसंद नहीं आई कि उद्धव ठाकरे ऐसे अंबेडकर विरोधी समूहों के साथ गठबंधन करें। ये जनता चुनाव में उद्धव ठाकरे, कांग्रेस को सबक सिखाए बिना नहीं शांत बैठेगी । डॉ. शर्मा ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस का महायुती गठबंधन सभी 48 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शानदार जीत का तोहफा देंगे। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा चुनाव व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष श्रीकांत भारतीय, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बन, प्रदेश प्रवक्ता अतुल शाह, वरिष्ठ नेता जयप्रकाश ठाकुर, प्रवीण घुगे आदि उपस्थित थे।

# अमेजन डॉट इन पर होम, किचन और आउटडोर श्रेणी में 25 प्रतिशत की वृद्धि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** होम और किचन कैटेगरी में सलाना आधार पर 25 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ, अमेजन डॉट इन ने आज उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की है। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में नए ग्राहकों की संख्या में भी दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अधिकांश नए ग्राहक टियर-2 और इससे नीचे के शहरों से जुड़ रहे हैं।

कंपनी ने उत्तर प्रदेश को अमेजन डॉट इन के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक बताया है, राज्य से आने वाली कुल मांग में लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है। नवाबों के शहर लखनऊ के ग्राहक फर्नीचर, फिटनेस प्रोडक्ट्स, बाथरूम प्रोडक्ट्स, डीआईवाई वॉल पेंट्स और प्रीमियम किचन एप्लाएंसेस की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। बिजली की बचत करने वाले एप्लाएंसेस, सोलर पैनल, पानी बचाने वाले वाटर प्यूरीफायर्स जैसे टिकाऊ उत्पादों के लिए भी लखनऊ में दो गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन डॉट इन ने आज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यक्रम के जरिये क्षेत्र की सफलता का जश्न मनाया।

प्रदर्शनी में फर्नीचर, घर का जरूरी सामान, किचन एप्लाएंसेस, होम डेकोर और लाइटिंग, स्पोर्ट एंड फिटनेस, ईवी और व्हीकल एक्सेसरीज, आउटडोर और गार्डेनिंग उत्पाद आदि का प्रदर्शन शामिल था। इस अनूठी प्रदर्शनी ने मीडिया और भागीदारों को अमेजन इंडिया के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करते हुए अपने पसंदीदा ब्रांड्स और उत्पादों का अनुभव करने का मौका दिया।

## नोएडा पुलिस ने एक्सप्रेस-वे पर कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी की जब्त

**नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच, नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर जांच के दौरान दिल्ली-पंजीकृत एक कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय कासना पुलिस की टीम चुनाव के मद्देनजर सोमवार शाम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के सिरसा टोल पर जांच कर रही थी और इस दौरान एक कार से 11.58 लाख रुपए बरामद किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि कार दिल्ली के बदरपुर इलाके के निवासी राकेश कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस बार मतदान 7 चरणों में कराया जाएगा। और वही रिजल्ट 4 जून को घोषित किया जाएगा।

# कांग्रेस ने जारी की 17 उम्मीदवारों की 11वीं सूची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की 11वीं सूची जारी की। इसमें चार राज्यों के 17 उम्मीदवारों के नाम हैं। आंध्र प्रदेश की कडप्पा लोकसभा सीट से वाईएस शर्मिला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार के किशनगंज से मोहम्मद जावेद, कटिहार से तारिक अनवर और भागलपुर से अजीत शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। इस सूची में बिहार की तीन, आंध्र प्रदेश की पांच, पश्चिम बंगाल की एक और ओडिशा की आठ सीटें हैं। बिहार की तीन सीटों में कटिहार से तारिक अनवर, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और भागलपुर से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग सीट से डॉ. मुनीष तमांग पर भरोसा जताया है। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से एमएम पल्लम राजू, राजमुंद्री से जी. रूद्र राजू, बापटाला (एससी) से जेडी सीलम, कुरनूल से पीजी रामपुलैया यादव और कड्डुपा से वाईएस शर्मीला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह ओडिशा के कोरापुट से सप्तगिरी शंकर उल्का, बहरामपुर से रश्मिरंजन पटनायक, नबरंगपुर (एसटी) से भुजबल मांझी, कंधमाल से अमीरचंद नायक और कालाहांडी से द्रौपदी मांझी, बोलनगीर से मनोज मिश्रा, सुंदरगढ़ (एसटी) जनार्दन देहुरी, बारगढ़ (एसटी) से संजय भोई को टिकट दिया गया है।

### भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए जारी की 112 उम्मीदवारों की पहली सूची, अकेले लड़ रही है चुनाव



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में 112 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। ओडिशा में विधानसभा की 147 सीटें हैं। पिछले चुनावों में भाजपा को 23 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा राज्य में अकेले विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पहले भाजपा और बीजू जनता दल के गठबंधन की चर्चा थी लेकिन आखिरी समय में मामला अटक गया। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें 112 उम्मीदवारों के नाम शामिल है।

## खबरें एक नजर में

### वायु सेना ने आपातकालीन लैंडिंग पट्टी का किया परीक्षण

**अनंतनाग।** भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का मंगलवार को तड़के परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को भोर होने से पहले हवाई पट्टी पर कम से कम नौ ट्रायल परीक्षण किए। यह परीक्षण लगभग 03:45 बजे शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ। परीक्षण के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ दिया गया था, जबकि पट्टी के दोनों किनारों पर तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के इन परीक्षणों का उद्देश्य आपातकालीन लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाना था, जिसके लिए चिनूक हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर सैन्य परिवहन, आपदा राहत और रसद सहायता सहित विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपये की लागत से 2020 में शुरू हुआ। इस पट्टी का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकता है।

### नदी पर बना रेलवे का पुल ढहा, सात मजदूर घायल

**मुरैना।** जिले के जौरा क्षेत्र में क्वारी नदी पर बना रेलवे का (नैरोगेज लाइन) पुल अचानक ढह गया। इससे पुल को डिस्मेंटल कर रहे 7 मजदूर 50 फीट नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जौरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच को गंभीर हालत में मुरैना के जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी में सामने आया है कि घटना कैलारस थाना क्षेत्र के सिकरोदा गांव के पास की है। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट प्रदीप तोमर ने बताया कि यहां छोटी रेलवे लाइन का कुंवारी नदी पर पुल बना है। लेकिन ब्रॉडगेज रेलवे ट्रेक डाले जाने के बाद यह करीब 100 साल पुराना नैरोगेज रेलवे ट्रैक अनुपयोगी हो गया था इसलिए रेलवे द्वारा इस पुल को तोड़ा जा रहा है। कुछ दिन पहले ही रेलवे द्वारा पुल से लोहे की एंगल और गर्डर आदि को मजदूरों से खुलवाना शुरू किया था। मंगलवार सुबह डिस्मेंटल के दौरान यह पुल अचानक ढह गया। इस दौरान वहां पुल के एंगल खोल रहे सात मजदूर पुल से करीब 50 फीट नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### महिला खिलाड़ियों से मारपीट करने वाला अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले में अगली सूचना तक निलंबित कर दिया है। भारतीय महिला फुटबॉल (आईडब्ल्यूएल) लीग के दूसरे डिवीजन में भाग ले रही हिमाचल प्रदेश स्थित खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। शनिवार को, एआईएफएफ ने शर्मा को उनकी कथित घटना की एक पैनल द्वारा जांच पूरी होने तक फुटबॉल से संबंधित गतिविधियों से दूर रहने के लिए कहा। मेजबान राज्य संघ द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने दीपक शर्मा को अगली सूचना तक फुटबॉल से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग लेने से निलंबित करने का फैसला किया है।

### मेगा ओरिएंटेशन में शामिल हुए चार हजार स्टूडेंट्स-पैरेन्ट्स




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देशभर में विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की शुरुआत के साथ ही लखनऊ के स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स में उत्साह नजर आ रहा है। आगामी दिनों में शुरू होने जा रहे बैच के लिए एलन लखनऊ का मेगा ओरियंटेशन सेशन मंगलवार को इकाना इंडोर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम में 4 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। इस अवसर पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी व सीईओ नितिन कुकरेजा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के बाद हुई। इसके बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के 35 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए प्रजेन्टेशन दिया गया। निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने कहा कि एलन का ध्येय शिक्षा के साथ संस्कार है। एलन के नाम में कॅरियर शब्द जुड़ा हुआ है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण के साथ बेहतर इंसान बनाना है, जिससे वे परिवार, समाज और देश की सेवा के लिए तैयार हो सकें। जेईई हो या नीट और अन्य कोर्सेज एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने के लिए दिल से कोशिश करेगा। ऑफलाइन हो या डिजिटल व ऑनलाइन हर तरह से स्टूडेंट्स को और अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम में जोनल हेड वाइस प्रसीडेंट अमित मोहन अग्रवाल ने एलन लखनऊ के कैम्पस और यहां स्टूडेंट्स को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बेस्ट फेकल्टीज स्टूडेंट्स का कॅरियर बनाएगी। इसके साथ ही आगामी बैचेज व अन्य गतिविधियों के बारे में बताया।

# कार्गो प्रबंधन के मामले में पारादीप बंदरगाह देश के प्रमुख बंदरगाहों में शीर्ष पर पहुंचा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (पीपीए) 145.38 एमएमटी कार्गो प्रबंधन की रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। यह दीनदयाल पोर्ट, कांडला को पीछे छोड़ सबसे अधिक कार्गो हैंडलिंग करने वाले देश के प्रमुख बंदरगाह के रूप में उभरा है। पारादीप पोर्ट अथॉरिटी ने अपने परिचालन के 56 वर्षों के इतिहास में पहली बार दीनदयाल बंदरगाह द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

पारादीप बंदरगाह ने साल-दर-साल के आधार पर 10.02 मिलियन मीट्रिक टन (7.4 प्रतिशत) यातायात की वृद्धि दर्ज की है। पारादीप बंदरगाह का ग्रीन अमोनिया और ग्रीन हाइड्रोजन को संभालने के लिए एक विशेष बर्थ विकसित करने का भी लक्ष्य है, जिससे यह देश का हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन जाएगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने 0.76 मिलियन मीट्रिक टन वृद्धि के साथ 59.19 मिलियन मीट्रिक टन का अब तक का अधिकतम तटीय नौ-वहन यातायात हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.30 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से थर्मल कोयला तटीय नौवहन 43.97 मिलियन मीट्रिक टन यानी पिछले वर्ष की कार्गो हैंडलिंग की तुलना में 4.02 प्रतिशत अधिक तक पहुंच गया है।

इस प्रकार से पारादीप बंदरगाह देश में तटीय नौ-वहन के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि पारादीप बंदरगाह अपनी बर्थ उत्पादकता को पिछले वित्तीय वर्ष के 31050 मीट्रिक टन से बढ़कर 33014 मीट्रिक टन करने में सक्षम रहा है। इस प्रकार इस दिशा में 6.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पारादीप बंदरगाह द्वारा हासिल की गई बर्थ उत्पादकता देश के सभी बंदरगाहों में सबसे अधिक है। वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 21,665 रेक को संभाला है। बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2710 जहाजों को संभाला है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि आज तक 80 प्रतिशत बर्थ को मशीनीकृत कर चुके पारादीप बंदरगाह की मौजूदा 4 अर्ध-मशीनीकृत बर्थों के मशीनीकरण के साथ 2030 तक शत प्रतिशत मशीनीकृत बन जाने की योजना है। बंदरगाह ने अन्य 4 बर्थ जोड़ने की भी योजना बनाई है, जिसके लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ही अपेक्षित मंजूरी ले ली जाएगी।

## भोजशाला में एएसआई सर्वे 12वें दिन भी जारी

**धार।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे मंगलवार को 12वें दिन भी जारी है। सर्वे के बीच ही मंगलवार को भोजशाला में हिंदू समाज ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भोजशाला मां सरस्वती के जयघोष से गूंज उठी। राजा भोज और मां सरस्वती जय घोष के साथ में मां सरस्वती की प्रतिमा लंदन से बाहर पहुंचे और भोजशाला में स्थापित हो, इस संकल्प के साथ महिलाएं और पुरुष बाहर आए। हिंदू समाज का अंदर प्रवेश होने के कारण एएसआई की टीम द्वारा बाहरी क्षेत्र में ही सर्वे किया जा रहा है। भोजशाला में सर्वेक्षण का काम तेजी में अब तेजी आ गई है। मंगलवार को सर्वे के 12वें दिन एएसआई के 20 अधिकारियों और 34 मजदूरों ने सुबह करीब पौने आठ बजे भोजशाला में प्रवेश किया। टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान मौजूद रहे।

# कर्मचारी व सेवक की तरह करुंगी मंडी की सेवा : कंगना रनौत

एजेंसी



**मंडी।** कंगना रणौत ने कहा कि कांग्रेस के लोग उनके बारे में दुष्प्रचार करने में लगे हैं। कंगना ने स्पष्ट किया कि मंडी में उनका कार्यालय होगा। मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को प्रधान सेवक बताते हुए देश की जनता की सेवा करते हैं, उसी तरह वह भी कार्य करते हुए यहां की जनता की सेवा करेंगी। यह बात उन्होंने मंगलवार को द्रंग विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले शिवाबदार में द्रंग मंडल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग उनके बारे में दुष्प्रचार करने में लगे हैं। कंगना ने स्पष्ट किया कि मंडी में उनका कार्यालय होगा। एक सरकारी कर्मचारी और सेवक की तरह वह मंडी के लोगों की सेवा करेंगी।

कंगना रणौत ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की मंडी की बेटियों के प्रति किस प्रकार की सोच है, उसका सबूत उन्होंने दे दिया है। मंडी की बेटियों का जो अपमान उन्होंने किया है, यहां की जनता उसका करारा जवाब देगी। कंगना ने कहा कि कांग्रेस ने देश का कबा?ा करके रख दिया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस देश की बागडोर संभालने के बाद आज इसे विकास के पथ पर अग्रणी बनाया है। वहीं, कंगना रणौत ने द्रंग पहुंचने पर यहां अपनी कई पी?ियों पहले की रिश्तेदारी भी निकाल ली और कहा कि उनकी रगों में भी द्रंग का खून बह रहा है। कंगना ने बताया कि उनके जो परदाता थे उनकी दादी द्रंग से थी। इस लिहाज से द्रंग के साथ उनकी रिश्तेदारी है और उनकी रगों में द्रंग का खून बह रहा है। इससे पहले कंगना का शिवाबदार पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

# नौ माह तक चलने वाला विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-2024 चैत्र नवरात्र से



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अप्रैल से दिसंबर 2024 तक चलने वाले विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 2024 की शुरुआत चैत्र नवरात्र की प्रथम तिथि से हो जायेगी एवं इसका समापन तीन दिवसीय भव्य उत्सव के साथ दिसंबर 2024 में होगा इस दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त शिक्षा एवं सफल जीवन के उद्देश्य को लेकर उनके मध्य 100 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशालाये एवं अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करायें जाएंगे।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यक्रम संयोजक एवं जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोसायटी आफ करियर टेक्नोलॉजी के संयुक्त प्रयास से आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत उन्हें उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया जायेगा और उनकी प्रतिभा से जुड़े करियर के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाएगा इसके साथ ही साथ एक लाख विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण, नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। साथ ही साथ आत्मनिर्भर स्वाबलंबी महिलाओं के उत्पादों के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक करना है।

# देश की सुरक्षा स्थिति व चुनौतियों पर हुआ मंथन

▸ सैन्य कमांडरों ने वैचारिक मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में आखिरी दिन मंगलवार को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी की। उन्होंने हर जरूरत के समय नागरिक प्रशासन को सहायता देने के अलावा देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना की शानदार भूमिका पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सेना सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में मौजूद है।

सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू हुआ था। उसके बाद 01-02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में हुए सम्मेलन में सैन्य कमांडरों ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन किया।

सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया गया। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत भी की गई। सम्मेलन में शीर्ष नेतृत्व ने सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं पर स्थिति, भीतरी इलाकों और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। इसके अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, लॉजिस्टिक्स, प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को शामिल करने और विभिन्न मौजूदा वैश्विक स्थितियों के प्रभाव के आकलन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल किये गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन में उपस्थित होने पर अपनी खुशी दोहराई और राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा दृष्टि को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सैन्य नेतृत्व को सराहा। उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने पर भारतीय सेना के दृष्टिकोण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना की राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समग्र राष्ट्रीय विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। इसलिए सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

समस्त जनपदवासियों को होली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती
शैलजा पटेल
प्रधान
अश्विनी गुबरैले
ग्राम विकास
अधिकारी





ग्राम पंचायत नगरी, विकासखंड जालौन, जनपद जालौन